फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 118, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 14

माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 13


## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने गुरुवार शाम को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो जाएंगी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती का फैसला किया है। कटौती के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो अभी 96.72 रुपये प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है।

### रमज़ान मुबारक

चौथा रोज़ा इफ़्तार - 15 मार्च 2024

| | |
|---|---|
| सुन्नी | - 06:23 बजे |
| शिया | - 06:31 बजे |

पांचवा रोज़ा सहरी - 16 मार्च 2024

| | |
|---|---|
| सुन्नी | - 04:55 बजे |
| शिया | - 04:50 बजे |

नोटः- सहरी व इफ़्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।


माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा


एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।

डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी मुकाबला



**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (देखें खेल पेज) ● एजेंसी

## ज्ञानेश और सुखबीर संधू निर्वाचन आयुक्त नियुक्त

नई दिल्ली, ब्यूरो

● प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में नामों पर मुहर

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। दोनों के शुक्रवार को पदभार संभालने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन


सुखबीर संधू


ज्ञानेश गुप्ता

सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे।

रंजन ने चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एक असहमति नोट दिया है। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं। हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

### एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

### समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट

इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां
- भाजपा, कांग्रेस, सपा, आप, राकांपा जैसे सियासी दल भी शामिल

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था।

निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने रद की थी बॉण्ड योजना

उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में अनाम राजनीतिक फंडिंग की इजाजत देने वाली केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था। पीठ ने इसे संवैधानिक कहा था और निर्वाचन आयोग को दानदाताओं, उनके द्वारा दान की गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने का आदेश दिया था।

## झोपड़ी में लगी आग, भाई-बहन जिंदा जले

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- झुलसे पिता की हालत गंभीर लखनऊ रेफर किया गया
- बुधवार देर रात लगी आग छह घरों को चपेट में लिया

**अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव रुद्रपुर खुर्द में बुधवार की रात छप्परदार आशियाने (झोपड़ी) में आग लग गई। घरवाले भाग पाते उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। जलता छप्पर गिरने से 10 वर्षीय बालक की झुलसकर मौत हो गई। उसकी 15 वर्षीय बहन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। झुलसे माता-पिता व भाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने पिता को लखनऊ रेफर कर दिया है। पास के छह अन्य घर भी जलकर राख हो गए।

रूद्रपुर निवासी रामपाल बुधवार की रात परिवार के साथ अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। देर रात झोपड़ी में आग लग गई। जब तक वे उठे आग विकराल हो चुकी थी। जलता छप्पर बेटे अंकित (10) पर गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामपाल, 15 वर्षीय बेटी अंजली, पत्नी जसवंती, बेटा अमित झुलस गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी और पुत्र को छुट्टी दे दी, लेकिन हालत गंभीर होने पर रामपाल और अंजली को लखनऊ रेफर कर दिया। केजीएमयू में अंजली की भी मौत हो गई, रामपाल की हालत गंभीर है। आग ने आसपास के रामलखन, मनोज, शिवा और बदलू के भी घरों को चपेट में ले लिया।

> प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही भोजन एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति तहसील प्रशासन की ओर से की जा रही है। पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये और प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराए जाएंगे।
> -श्रद्धा सिंह, एसडीएम।

गुरुवार को सदर विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह गांव पहुंचे और पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण किया। ग्राम प्रधान को खाने की व्यवस्था के निर्देश दिए। मृतकों के परिवारजन को डीएम ने चार-चार लाख रुपये व घर मुहैय्या कराने का आश्वासन दिया।

## प्रधानमंत्री को धमकी तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी बेटे को साथ ले गई ईडी टीम

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।



अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की जांच की गई। अमेठी में पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### एक नजर

## पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती



**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति पाटिल (89) को बुधवार को भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और सीने में संक्रमण है।

## सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली



**नई दिल्ली।** हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत की गईं सामाजिक कार्यकर्ता ,इंजीनियर और जानीमानी लेखिका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मूर्ति को शपथ दिलाई। इस मौके पर नेता सदन पीयूष गोयल, राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी आदि उपस्थत थे।

## फरवरी में थोक महंगाई घटकर 0.20 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत थी थोक महंगाई की दर

खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद थोक मुद्रास्फीति की दर फरवरी में मामूली गिरावट के साथ 0.20 प्रतिशत रह गई जो एक महीने पहले 0.27 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक नकारात्मक दायरे में थी लेकिन नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत पर सकारात्मक हो गई थी। एक साल पहले फरवरी 2023 में महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अखिल भारतीय डब्ल्यूपीआई संख्या पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी 2024 के महीने में 0.20 प्रतिशत (अस्थायी) रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के 6.85 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.95 प्रतिशत हो गई। सब्जियों की महंगाई दर जनवरी के 19.71 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 19.78 प्रतिशत हो गई।

## झाड़ियों में छिपे बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली तिकुनियां के गांव खमरिया निवासी शिवचरण (56) पुत्र घस्सू गुरुवार सुबह छप्पर के लिए खरफूस लेने निकला था। दोपहर 11.30 बजे गांव नया पिंड के निकट झाड़ियों में बैठे बाघ ने हमला कर दिया जिससे शिवचरण की मौत हो गई। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ जंगल में भाग गया। ग्राम प्रधान खैरेटिया प्रगट सिंह ने वन विभाग को सूचना दी। उत्तर निघासन बन रेंज बेलराया के रेंजर भूपेंद्र कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। डीएफओ बफर जोन सौरीश सहाय ने पीड़ित परिवार को दस हजार रुपये की मदद दी। रेंजर ने बताया कि बाघ पकड़ने को पिंजरा लगाया जाएगा।

## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में ऊपर

नई दिल्ली, एजेंसी

### जीआईआई की रिपोर्ट

● 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की लगाई छलांग



संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।

हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है।

वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है।

# मानकों की अनदेखी कर नाली में लगाई जा रही पीली ईंट

## खुटार में इंटरलॉक सड़क निर्माण में धांधली का आरोप, लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से की शिकायत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** नगर पंचायत प्रशासन की ओर से लाखों रुपये की लागत से बनाई जा रही इंटरलॉक सड़क और नाली निर्माण कार्य में मानक विहीन सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे चंद दिनों में ही सड़क और नाली टूटने की आशंका जताई गई है। इसकी शिकायत नागरिकों ने नगर पंचायत और जिला प्रशासन से की है।

खुटार आदर्श नगर पंचायत में नगर के मोहल्ला देवीस्थान, इंदिरानगर, पटवा वार्ड, कोट, रायटोला, गांधीनगर और पश्चिमी गढ़ी में एक दर्जन से अधिक इंटरलॉक सड़क, नाली की मरम्मत और निर्माण कार्य का काम तेजी से चल रहा है। यहां पर मरम्मत के नाम पर सड़क के दोनों और बनी नाली में मानक विहीन निर्माण सामग्री का प्रयोग हो रहा है। मोहल्ला कोट में बन रही इंटरलॉक सड़क के दोनों तरफ बन रही नाली निर्माण में पुरानी ईंटों के साथ ही पीली ईंट का भी प्रयोग किया जा रहा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ठेकेदार मानक के विपरीत निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिसकी शिकायत नगर पंचायत प्रशासन से भी की गई। लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों ने ठेकेदार पर कार्रवाई तो दूर पूछने तक की जरूरत नहीं समझी गई है। यही हाल, नगर के मोहल्ला गांधीनगर में सभासद शराफत के मकान के पास इंटरलॉक सड़क मरम्मत में भी मानक विहीन निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है।

यहां पर ठेकेदार की ओर से नाली की मरम्मत का कार्य भी नहीं कराया गया है। मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी में भी सीसी रोड को तोड़कर इंटरलॉक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है और घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। साथ ही मोहल्ला पटवा वार्ड में जयकिशन गुप्ता के मकान के पास से इंटरलॉक सड़क की मरम्मत के नाम पर घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल का काम चल रहा है। सड़क के दोनों तरफ बनाई जा रही नाली में खुलेआम पीली ईंट लगाई जा रही है। मोहल्ले के लोगों में काफी रोष व्याप्त है। इस मामले में प्रशासन से शिकायत की है।

- **बोले लोग, कार्रवाई तो दूर ठेकेदार से पूछने तक की जरूरत नहीं समझी**


मोहल्ला कोट में मानक विहीन बनाई जा सड़क का रोका गया निर्माण कार्य।


मोहल्ला गांधी नगर में मानक विहीन बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क। ● अमृत विचार


मोहल्ला कोट में पीली ईंटों से बनाई जा रही सड़क।

### क्या कहते है नागरिक


मानक के अंतर्गत निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। यहां ठेकेदार अपनी मनमर्जी के मुताबिक कार्य कर रहा है। सड़क और नाली निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है।इसके बावजूद अधिकारी जांच करने की जरूरत नहीं समझ रहे है।- **सचिन मिश्रा**, भाजपा नेता


सड़क और नाली निर्माण में पीली ईंट, अन्य घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इस मामले प्रशासन को अवगत कराया गया है। वजह है कि ठेकेदार निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण करा रहा है। जिससे जल्द ही सड़क और नाली टूट सकती है। -**जयकिशन गुप्ता**, व्यापारी

मामले की जानकारी हुई है। जेई को जांच के लिए कहा गया है। जेई द्वारा जांच कर रिपोर्ट मिलने के बाद अगर निर्माण कार्य मानक अनुरूप नही हो रहा है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

-**सतेंद्र प्रकाश**, ईओ, खुटार

# स्कूल का फर्नीचर बेच रहे कलान के गुरुजी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पोर्टल पर छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं करने पर निलंबित किए गए सिंधौली के प्रधान अध्यापक**
- **बीएसए ने मामला संज्ञान में आने पर की कार्रवाई, भावलखेड़ा के बीईओ को सौंपी जांच**

**अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के कारनामे भी बड़े अजीबोगरीब होते हैं। जो समय-समय पर सामने आते रहे हैं। ऐसे ही दो मामले डीएम और बीएसए के संज्ञान में आए। एक में गुरु जी स्कूल का फर्नीचर बेच रहे थे और दूसरे में छात्रों का विवरण संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया जा रहा था। बीएसए ने तत्काल प्रभाव से संबंधित दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

बीएसए रणवीर सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी कलान अरविंद कुमार को ग्राम सभा कुंडरिया के ग्रामीणों ने अवगत कराया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंडरिया में कार्यरत इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुभाषचंद्र द्वारा विद्यालय में रखी सामग्री टेंपो में लादकर कबाड़ी को बेची जा रही है। शिकायत के आधार पर एआरपी सुशील कुमार को भौतिक सत्यापन के लिए भेजा गया। एआरपी सुशील कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि सुभाषचंद्र द्वारा विद्यालय में रखी पुरानी बैंच एवं अन्य सामग्री बेचने के उद्देश्य से टेंपो में लादकर कबाड़ी की दुकान पर ले जाई जा रही थी। उसी समय ग्रामीणों ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस भी बुला ली। बीएसए ने कहा कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र के इस कृत्य से विभागीय छवि धूमिल हुई है। उन्होंने जानबूझकर अध्यापक आचरण नियमावली का उल्लघंन किया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने सुभाष चंद्र के विरुद्ध व्यक्तिगत उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिए विद्यालय सामग्री बेचने एवं अध्यापक आचरण नियमावली के विपरीत कार्य किए जाने का उल्लेख करते हुए उनके निलंबन की संस्तुति की, जिस पर सुभाष चंद्र को तत्काल प्रभाव ने निलंबित कर खंड शिक्षा अधिकारी कलान के कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। प्रकरण की जांच खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा को सौंप दीहै। इधर, खंड शिक्षा अधिकारी सिंधौली केडी यादव ने बीएसए को अवगत कराया कि प्राथमिक विद्यालय मियांपुर के प्रधान अध्यापक चंद्र मोहन द्वारा छात्रों का रजिस्ट्रेशन डीबीटी/प्रेरणा पोर्टल पर नहीं किया गया है, जिस कारण छात्रों को धनराशि प्राप्त नहीं हो रही है।

वर्तमान सत्र में विद्यालय का नामांकन 106 के सापेक्ष पोर्टल पर मात्र 45 बच्चे ही पोर्टल पर प्रमोट प्रदर्शित हो रहे हैं। शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती जाने के कारण प्रधान अध्यापक चंद्र मोहन के निलंबन की संस्तुति की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी की संस्तुति पर प्रधान अध्यापक चंद्र मोहन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी सिंधौली से संबद्ध कर दिया गया है। इस प्रकरण की जांच भी बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा को सौंप दी है।

# बच्चों को लाभ मिले तभी सफल होगा प्रशिक्षण का उद्देश्य


शिक्षकों को संबोधित करते बीईओ नगेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **भाषा और गणित संबंधी चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन**
- **निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हुआ आयोजन**

**अमृत विचारः** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणितीय क्षमताओं के विकास के लिए चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हो गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र कुमार ने शिक्षकों से प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कोई भी प्रशिक्षण तब सफल होता, जब तक उसकी झलक विद्यालय में न दिखाई दे।

प्रशिक्षण का उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उसका लाभ बच्चों को मिले। प्रशिक्षक मो. लतीफ, इमरान सईद खां, कामिल, आदिल खां आदि ने बच्चों को भाषा और गणित विषय में बच्चों की क्षमताओं का मूल्यांकन, उपचारत्मक प्रयास, भाषा गणित की दक्षताएं आदि का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में रचना जौहरी, कहकशां, नीरू, राकेश, रामआसरे, संुबुल, कल्पना, रजनी आदि शिक्षक शामिल रहे।






### प्रधान पर मंदिर की जगह से भगाने का आरोप

**खुटार।** क्षेत्र के गांव चमराबोझी निवासी धनपाल ने पुलिस को बताया कि गांव में एक मंदिर है। उसके बाबा रूपराम की जमीन पर मंदिर बनवाया गया था। वह अपने बाबा के साथ मंदिर में रहकर सेवा करता था। बाबा के निधन के बाद मंदिर की सारी जिम्मेदारी उसके ऊपर आ गई। आरोप है कि प्रधान अब मंदिर से जबरन भाग रहे हैं। इस मामले में गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# लोक नृत्य, गीतों से छात्राओं ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


आर्य महिला कॉलेज के एनएसएस शिविर के समापन पर लोक नृत्य करतीं छात्राएं।

**अमृत विचारः** आर्य महिला डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।

गणेश वंदना और लक्ष्य गीत के साथ शुरू हुए समारोह में स्वयंसेविकाओं ने देश भक्ति गीत, लोक गीत पर मनमोहक समूह नृत्य, एकल नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। नुक्कड़ नाटक और महाभारत की थीम पर मनमोहक प्रस्तुति भी सभी ने खूब सराही। मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र के सहायक विकास प्रबंधक अरुण पांडेय, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डॉ. संगीता मोहन, अमृता दीक्षित, गायत्री दीक्षित आदि अतिथियों ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे ने सात दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्वयंसेविका श्रेया, ज्योति अवस्थी, उन्नति गुप्ता, भूमि, सान्या आदि छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं और वालंटियर्स को शील्ड भेंट की गई। प्राचार्य ने अतिथियों को सम्मानित किया। ऋतु शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### एसपी ने इंटर्नशिप के लिए छात्राओं को दिए प्रमाण पत्र



**शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर का छठा दिवस महिला शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के नाम रहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे और ऋतु शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को लोक बिहार कॉलोनी और अहमदपुर रेती में पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर रैली निकाली गई। बौद्धिक सभा में मुख्य अतिथि महिला कल्याण विभाग की अमृता दीक्षित ने महिला शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर उपयोगी जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस इंटर्नशिप के लिए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और सीओ सिटी वीएस वीर कुमार ने प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने आभार व्यक्त किया।






### दूसरी बरसी पर याद किए गए शायर सागर वारसी

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** उस्ताद शायर इरशाद अहमद खां उर्फ सागर वारसी की दूसरी बरसी पर उनके साहित्यिक योगदान को सराहा गया। गुरुवार को एमनजई जलालनगर स्थित काशाना ए सागर में फातिहा ख्वानी हुई। इस मौके पर मौलाना मुहम्मद निज़ामुद्दीन ने कहा कि सागर वारसी एक अच्छे शायर ही नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान भी थे। उन्होंने जीवन पर्यंत उर्दू की सेवा की। डॉ. ताहिर हुसैन खां ने कहा कि सागर वारसी बहुत नेक दिल, हमदर्द और सहिष्णु व्यक्ति थे।

सागर वारसी के पुत्र परवेज अहमद खां ने अपने पिता के गजल संग्रह को प्रकाशित कराने का संकल्प लिया। इस मौके पर मौलाना आदिल रजा नूरी, फरीद अहमद खां, सरफराज खां, शब्बन खां, नईम अहमद खां, डॉ. मोनिस खां, बदरे कामिल खां, राशिद हुसैन खां, जावेद अली खां, मुहम्मद तालिब, गफरान अहमद खां, गुलरेज अहमद खां लाला, दिलशाद अहमद खां बब्बू आदि ने सागर वारसी के लिए मगफिरत की दुआ की।

# डीएम से मिला ठेकेदार का भाई, जताई हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **ठेकेदार राकेश यादव के भाई ने की वायरल वीडियो की जांच की मांग**
- **बरेली जिला जेल में बंद है शूटर आसिफ खान, बुधवार को वायरल हुआ था वीडियो**

**अमृत विचारः** पीडब्ल्यूडी ठेकेदार राकेश यादव के हत्यारोपी शूटर की वीडियो वायरल होने के बाद भाई राजेश यादव ने डीएम से मिलकर अपनी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उन्होंने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटिया टोला निवासी पीडब्ल्यूडी ठेकेदार राकेश यादव की दो दिसंबर 2019 को पीडब्ल्यूडी गेट पर शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मेरठ निवासी शूटर आसिफ खान इसी मामले में बरेली सेंट्रल जेल में बंद है। आसिफ का बुधवार को वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह कह रहा है कि वह स्वर्ग में है और जल्दी बाहर आ रहा है। आसिफ कहता है कि चिंता करने की कोई बात नहीं है। जिंदगी में सब कुछ पैसा नहीं है।

यह वीडियो ठेकेदार राकेश यादव के भाई राजेश यादव तक भी पहुंचा। गुरुवार को उन्होंने डीएम से मिलकर कहा कि उनके भाई की हत्या के मुख्य शूटर आसिफ खान को रुपये देकर मेरठ से बुलाया गया था। इस समय वह बरेली सेंट्रल जेल में बंद है। उसे जेल में सारी सुविधाएं मिल रही हैं। आसिफ ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो बनाकर डाला है। राजेश यादव ने कहा कि जेल में रहकर शूटर उनकी हत्या करा सकता है। इसको लेकर वह और उनका परिवार भयभीत है। उन्होंने वीडियो की जांच कराके कार्रवाई की मांग की है। डीएम ने जांच कराके कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बरेली सेंट्रल जेल में बंद शूटर आसिफ खान का वीडियो वायरल होने के संबंध में बरेली के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। वीडियो की सर्विलांस से जांच कराई जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि वीडियो कहां से वायरल हुआ है।

– **अशोक कुमार मीणा**, एसपी


The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
चौथा रोज़ा इफ्तार - 15 मार्च 2024
सुन्नी - 06:23 बजे
शिया - 06:31 बजे
पांचवा रोज़ा सहरी - 16 मार्च 2024
सुन्नी - 04:55 बजे
शिया - 04:50 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर

आफताब
प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# गड्ढा बना जानलेवा, हादसे में चली गई दो लोगों की जान

## मैलानी मार्ग पर बुधवार रात सड़क किनारे खाई में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली

- तीन दिन पहले गड्ढों की वजह से अनियंत्रित हो गई थी बाइक
- घटना से परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** मैलानी मार्ग की हालत खस्ताहाल है। इस रोड पर जगह-जगह गड्ढों की वजह से हुए हादसों में दो लोगों की जान चली गई। बुधवार रात नरौठा देवीदास में बैंक के समीप सड़क किनारे खाई में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में लखीमपुर खीरी के ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। वहीं, तीन दिन पहले इसी मार्ग पर तिकुनियां के पास गड्ढों की वजह से अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई थी। जिसमें घायल गांव अंडहा निवासी युवक की बुधवार देर शाम खुटार में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसों में दो लोगों की जान चली जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कस्बा मैलानी के गांव सरावतनगर निवासी बालकराम (52) ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर बुधवार को खुटार में गन्ने की बिक्री करने आए थे। बुधवार रात घर लौटते वक्त गांव नरौठा देवीदास में बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया गड्ढे में चले जाने पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे में चालक बालकराम की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना गांव के लोगों ने पुलिस को दी। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी।

परिजनों की ओर अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। उधर, गांव अंडहा निवासी रंजीत (38) 12 मार्च को मैलानी के गांव सुखचैनापुर किसी काम से बाइक लेकर गया था। घर लौटने के दौरान खुटार मैलानी मार्ग पर तिकुनियां के पास गड्ढे में बाइक का पहिया चला गया और अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। परिजनों ने शाहजहांपुर और बरेली के अस्पताल में उपचार कराया था। इलाज में फायदा नहीं होने पर परिजन उसे खुटार ले आए थे, तहां बुधवार देर शाम उसने प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।


हादसे के बाद खाई में पलटी टैक्टर-ट्रॉली। इसी के नीचे दबकर हुई बालकराम की मौत। ● अमृत विचार

### क्रेन से हटवाई ट्रैक्टर-ट्रॉली, तब हुई शिनाख्त

ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दब जाने से मौके पर ही बालकराम की मौत होने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और क्रेन से ट्रॉली को हटवाया। इसके बाद शव की शिनाख्त की। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को को भी किसी ने तहरीर नहीं दी है। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है।

> सूचना पर मौके पर पहुंचा था। क्रेन से ट्रैक्टर को हटवाकर शव को निकलवाया गया था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
> -संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

### हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल

**पुवायां।** गांव जारमानो निवासी धीरज ने बताया कि वह गुरुवार सुबह नौ बजे ई रिक्शा लेकर पुवायां आ रहा था। गांव भिलावा के निकट बंडा रोड पर सामने से आ रहे तेज गति ई-रिक्शा ने उसके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहीं टक्कर मारकर दूसरा चालक अपना रिक्शा लेकर फरार हो गया।

### सड़क हादसे में पूर्व प्रधान घायल

**खुटार।** पुवायां मार्ग पर लक्ष्मीपुर मोड़ के पास बुधवार को गांव नवाजपुर के पूर्व प्रधान बबलू गौतम सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को खुटार अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूर्व प्रधान बबलू गौतम बुधवार को पुवायां की ओर बाइक से जा रहे थे। लक्ष्मीपुर मोड़ के पास वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे घायल हो गए। हादसे में बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।


इन्ही गड्ढों से बचने में गई रंजीत की जान। ● अमृत विचार

# हादसों में बाइक सवार समेत तीन युवक घायल

- हाईवे पर इटावाली गांव के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

संवाददाता, पुवायां

गांव धर्मगदपुर खुर्द निवासी दिलीप कुमार (30) गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे गांव गौटिया जा रहा था। मोहम्मदी को जाने वाले हाईवे पर इटावाली गांव के पास सामने से आई तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे दिलीप गंभीर घायल हो गया। उसको सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिले के मेडिकल कालेज को रेफर कर दिया।

उधर, निगोही रोड पर शाम 6 बजे सोनारा गांव के पास जिगनिया मुंजाप्ता निवासी दुर्गेश की बाइक दो साइकिल सवारों से टकरा गई।

इससे साइकिल सवार रामनिवास (35) निवासी ग्राम सुनारा खुर्द और राजाराम (80) निवासी ग्राम रेहरिया घायल हो गए। जिनको एंबुलेंस से पुवाया सरकारी अस्पताल लाया गया।

# लाट साहब जुलूस को लेकर शहर तीन जोन, आठ सेक्टर में विभाजित


बैठक में मौजूद डीएम उमेश प्रताप सिंह, अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

- जोनल सेक्टर, उप सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की जुलूस पर रहेगी नजर
- बिजली लाइन और जर्जर सड़कों को दुरूस्त करने के डीएम ने दिए निर्देश
- पीस कमेटी की बैठक में होली को सकुशल संपन्न कराने के विषय में हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने होली पर विभिन्न क्षेत्रों से निकाले जाने वाले लाट साहब के जुलूसों का प्रतिनिधित्व करने वाले गणमान्य नागरिकों, पुलिस अधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होली को सकुशल संपन्न कराने के विषय में चर्चा की।

इस दौरान नागरिकों ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को जिलाधिकारी के साथ साझा किया। उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पानी तथा छुट्टा पशुओं आदि से संबंधित समस्याओं को बताया। जिसे निस्तारण कराने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।जुलूस मार्ग को तीन जोन तथा आठ सेक्टर में विभाजित किया गया है। जिस पर जोनल सेक्टर, उप सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। नगर क्षेत्र में परंपरागत रूप से आठ छोटे-बड़े जूलस निकाले जाते हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाले लटके हुए ढीले तारों को तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए, साथ ही उन्होंने खुले हुए ट्रांसफार्मरों को भी ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाले गड्ढों तथा अवरोधों को जल्द ठीक किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में बैरिकेडिंग के कार्य को जल्द पूर्ण कर लिया जाए। आबकारी अधिकारी को 24-25 मार्च को पूर्व की भांति शराब की दुकानें बंद रखने के लिए निर्देश दिए। डीपीआरओ को ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई का समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जुलूस में चलने के दौरान बिजली के खंभों तथा ट्रांसफार्मरों से दूरी बनाकर चलें, जिससे कि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। उन्होने सभी को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से आगामी पर्वों को मनाए जाने की अपील की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कैमिकल युक्त रंगो का प्रयोग न करें, प्रकृतिक रंगों का प्रयोग करें। बैठक के दौरान नगर आयुक्त कामता प्रसाद, डीएफओ प्रखर गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार, सीओ बीएस वीर सिंह, सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक एवं सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### शरारती तत्वों को चिन्हित कर दें चेतावनी

सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शरारती तत्वों को चिन्हित कर चेतावनी जारी करें एवं निरोधात्मक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि किसी भी दशा में जुलूस के दौरान ईट-पत्थर, जूता, चप्पल आदि चोट पहुंचाने वाली वस्तुओं का प्रयोग न करें, यदि ऐसा करते कोई पाया जाता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### कड़ी निगरानी को लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

उन्होंने बताया कि जनपद में सुरक्षा के दृष्टिगत जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे जुलूस के दौरान कड़ी निगरानी की जाएगी। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध गंभीर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह वाली पोस्ट को शेयर न करें तथा किसी भी प्रकार के विवाद अथवा घटना की सूचना से अधिकारियों को अवगत कराएं।

### छतों पर इकट्ठा न होने दें ईंट, पत्थर और रॉड

पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। होली पर्व पर निकाले जाने वाले जुलूस की सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जुलूस की सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में छतों पर ईट, पत्थर, लोहे की रॉड आदि घातक वस्तुओं का एकत्रीकरण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने छतों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में माहौल को खराब करने प्रयास न करें, यदि ऐसा करते कोई पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस व गो तस्करों में फायरिंग, दो बदमाश घायल

- तीन बदमाश फरार, तमंचा छुरी, बाइक बरामद
- सिपाही घायल, तीनों को स्वास्थ्य केंद्र पर कराया भर्ती

संवाददाता, खुदागंज/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** कमलापुर की पुलिया पर बुधवार की रात गो तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान गोली लगने से दो बदमाश गिरफ्तार हो गए। बदमाशों की तरफ से की गई फायरिंग से एक सिपाही भी घायल हुआ। तीनों को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से तमंचे, कारतूस, बाइक, छुरी आदि सामान बरामद किया है। तीन गोतस्कर बदमाश भाग गए। एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

खुदागंज थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि नौ मार्च को खुदागंज के गांव कुरगांव के जंगल में गो तस्करों द्वारा गोकशी की गई थी। इस घटना में खुदागंज थाने में छह नामजद और एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। खुदागंज पुलिस गो तस्करों की तलाश में लगी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक को बुधवार की रात साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि कमलापुर की पुलिया के पास गो तस्कर खड़े है और गोकशी की योजना बना रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा की दृष्टि से फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश मुन्ना उर्फ शकील निवासी रसियाखानपुर थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत व निसार निवासी लड़ैते थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत घायल हो गए। दोनों बदमाशों के घुटनों के नीचे गोली लगी है।

इधर बदमाशों द्वारा की फायरिंग से सिपाही रोहित घायल हो गया। सिपाही के बाएं बाजू में गोली लगी। तीनों घायलों को सीएचसी पर देर रात भर्ती कराया गया। तीन बदमाश मौका पाकर बाइक से भाग गए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तमंचे, कारतूस, बाइक, लकड़ी का गुटका, छुरी, टॉर्च, दो मोबाइल फोन आदि बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए बदमाशों ने नौ मार्च की घटना को कबूल किया है। पकड़े गए शातिरों पर पहले से शाहजहांपुर व पीलीभीत में एक दर्जन मुकदमें दर्ज है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और अभियुक्तों से पूछताछ की। टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह आदि शामिल रहे।


पुलिस की गिरफ्त में घायल आरोपी। ● अमृत विचार

> पुलिस और बदमाशों की हुई मुठभेड़ में दो बदमाश व एक सिपाही घायल हो गए है। बदमाशों ने नौ मार्च को कुरगांव में गोकशी की घटना की थी, जिसका मुकदमा खुदागंज थाने में दर्ज था। बदमाश रात फिर गोकशी की की योजना बना रहे थे। फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।
> -मनोज कुमार अवस्थी, एएसपी ग्रामीण

## अर्द्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स ने अर्द्धसैनिक बल, पीएसी के साथ फ्लैग मार्च निकाला। एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को खुदागंज, रामचंद्र मिशन, सेहरामऊ दक्षिणी, कटरा थाना पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, पीएसी के जवानों के साथ प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण त्यौहारों के प्रति आश्वस्त किया गया।

# होली का त्योहार भाईचारे से मनाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र में होली के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे ने कहा कि होली का पर्व भाई-चारे के साथ बनाए और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।

इधर एएसपी सिटी संजय कुमार ने शरारती लोगों पर पैनी नजर रखी जाएगी। पीस कमेटी की बैठक में संभ्रांत नागरिकों ने कई बातों की चर्चा करते हुए कि बीमार लोगों पर रंग न डाला जाए, जुलूस में गलत शब्दों का प्रयोग न किया जाए। जुलूस के निकलने वाले मार्ग की मरम्मत कराई जाए। रंग वाले दिन पूरे दिन पानी की सप्लाई नगर निगम की ओर से की जाए। होलिका दहन पर चूना आदि का छिड़काव कराया जाए।

अधिकारियों ने कहा कि जो समस्याएं रखी गई है, उसका निराकरण किया जाएगा। जुलूस की वीडियो ग्राफी बनायी जाएगी और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। शरारती लोगों पर नजर रखी जाएगी। जो लोग स्पेशल पुलिस अधिकारी बनाए जाए तो उनको जुलूस के साथ रहना है। पीस कमेटी की बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।


सदर बाजार थाने में बैठक में मौजूद एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे और लोग।

# आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त ईवीएम और आदर्श आचार सहिंता की विवरणिका को संक्षेप में पढ़ा। विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए मतदान केंद्र, मतदेय स्थल, जोनल मजिस्ट्रेट, कुल सेक्टर मजिस्ट्रेट की जानकारी दी गई। एफएसटी व एसएसटी, वीवीटी टीमों की संख्या, वीएसटी टीमों की संख्या के बारे में बताया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के दिनांक से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाती है। जिसका राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पालन किया जाना अनिवार्य है। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर आयुक्त कामता प्रसाद, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के आंकड़े

जिले में कुल 2322102 मतदाता है। ईपी रेश्या 61.90 तो जेंडर रेश्यो 863 है। दिव्यांग 20574 तो नौकरी वाले 1303 मतदाता है। 21096 मतदाता 85-प्लस तो 365 मतदाता 100-प्लस वाले है।

### जिले में कुल वोटर्स की संख्या

- 1246206 पुरुष
- 1075739 महिला
- 158 तृतीय लिंग
- 18-19 वर्ष के 51264
- 20-29 वर्ष के 438923



## खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए आठ नमूने

**जैतीपुर, अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कस्बे की दुकानों पर छापेमारी कर बेसन, आटा, मिर्च, सूजी और मसाले के सैंपल भरे। टीम ने लाइसेंस भी चेक किए। जिन लोगों के पास लाइसेंस नहीं मिला उनको टीम ने रजिस्ट्रेशन कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा के नेतृत्व में टीम के पहुंचने से कस्बे की तमाम दुकानों के शटर गिर गए। टीम ने भारत कंपनी से आटा, सरसों तेल, हरिओम किराना स्टोर व भूरे किराना गढ़िया रंगीन से बेसन, अशोक किराना स्टोर जैतीपुर से धनिया, मिर्च, बेसन मसाले सहित आठ नमूने लिए।

## छप्परदार दो घरों में आग से युवती झुलसी, नगदी और सामान जला

### भोजन बनाने के बाद चूल्हे में बची आग ने बरपाया कहर

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव कुरेंया खानपुर में छप्परदार दो घरों में आग लग गई। जिससे नगदी, जेवर, खाद्यान्न और घरेलू सामान जल गया। आग बुझाने के दौरान एक युवती झुलस गई। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग पर बमुश्किल काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने मौका मुआयना किया और पीड़ितों को मुआवजा दिलवाए जाने का आश्वासन दिया।

क्षेत्र के गांव कुरेंया खानपुर निवासी रामस्वरूप की पत्नी फूलवती ने बताया कि उनके पति दिल्ली में मजदूरी करते हैं। वह अपनी पुत्री रागिनी के साथ घर पर रहती है। उनका छप्परदार घर है। गुरुवार को वह पड़ोस के रहने वाले शक्ति कपूर के घर टीवी देख रही थी। पुत्री रागिनी घर पर मौजूद थी। दोपहर करीब 12:30 बजे चूल्हे में दबी आग से अचानक उठी चिंगारी हवा में उड़ती हुई छप्पर पर पहुंच गई और उसमें आग की लपटें निकलने लगीं। जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रागिनी ने आग बुझाने की कोशिश की तो वह आग की चपेट में आकर झुलस गई। उसका दाहिना पैर मामूली रूप से झुलस गया। तेज हवा के झोंके से आग पड़ोसी शक्ति के छप्परदार घर में भी पहुंच गई। आग की तेज लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपड़ोस में रहने वाले लोगों ने आग पर काबू करने का प्रयास शुरू किया लेकिन तेज आग में फूलवती के घर में रखी 12 हजार रुपये की नगदी, सोने के कुंडल, जरूरी दस्तावेज, अनाज, आलू, चारपाई सहित करीब 50 हजार रुपये की कीमत का घरेलू सामान जल गया। उधर, पड़ोस में रहने वाले शक्ति कपूर के घर आग से घर में रखा सारा सामान, पांच हजार की नगदी, जेवरात जलकर राख हो गए।

पीड़ित के मुताबिक करीब पचास हजार का नुकसान हो गया। घटना की सूचना के बाद लेखपाल केशव मिश्रा ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल की और पीड़ितों को प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।



आग से हुए नुकसान की जानकारी देतीं मां-बेटी। ● अमृत विचार

**फूलवती बोलीं- मई में करने हैं बेटी के पीले हाथ आग से जल गया सारा सामान**

फूलवती ने बताया कि उनके पति बाहर रहकर दिल्ली में काम करते है। बेटी की शादी मई में होनी है। इसके लिए पहले से घर में तैयारी कर रहे थे। लेकिन गुरुवार को घर में आग लग जाने से रखा सारा सामान, जेवरात, नगदी जलकर राख हो गई है। जिससे अब शादी को लेकर काफी चिंतित है।

- **लोगों ने बमुश्किल पाया काबू**
- **लेखपाल ने किया मौका मुआयना**

> मौका मुआयना कर दोनों के घरों के नुकसान का आंकलन किया गया है, मामले की रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी जाएगी, उसके बाद पीड़ितों को उचित मुआवजा मिलने की कार्रवाई होगी। – **केशव मिश्रा**, लेखपाल

### बच्चों के विवाद में मारपीट, दो महिलाओं के हाथ फ्रैक्चर



**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव रूपापुर में बच्चों को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दो महिलाओं के हाथ फ्रैक्चर हो गए। मामले की तहरीर दी गई है। गांव रूपापुर निवासी बुरादो पत्नी काले के बच्चों को पड़ोसी के बच्चों से खेलने के दौरान विवाद हो गया। शिकायत करने पर पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ बुरादो व आबिदा पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पिटाई के दौरान दोनों महिलाओं के हाथ फ्रैक्चर हो गए। महिलाओं ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### रंजिशन महिला को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी सोनी ने बताया कि दस मार्च की रात साढ़े आठ मुकेश आदि उसके दरवाजे पर गाली दे रहे थे। उसने गाली का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी मुकेश, रजनीश समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक दिलाने के नाम पर 1.40 लाख की ठगी

**पुवायां, अमृत विचार :** हीरो एक्सट्रीम बाइक दिलाने के नाम पर एक जालसाज ने युवक से एक लाख चालीस हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर रुपये दिलवाने की मांग की है। गांव ककरौआ जप्ती निवासी अनुज कुमार ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के गांव अगोना खुर्द के युवक से उसने पिपरिया धनी की एक एजेंसी से बाइक एक लाख चालीस हजार रुपये में फाइनेंस कराई थी। जिसका रुपया उसने दो बार में दे दिया लेकिन उक्त युवक ने रुपये एजेंसी मालिक को नहीं दिए। उसके घर एजेंसी के एजेंट आए और किस्त जमा करने के लिए कहा। तब उसे मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

### रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव आंबेडकरनगर निवासी रामवीर सक्सेना ने बताया कि जानवरों को व्यापार करने के लिए गांव के भैयाराम को एक लाख 35 हजार रुपये कई माह पूर्व दिए थे। उन्होंने कारोबार में शामिल करने के लिए मना कर दिया और न ही रुपये वापस कर रहा है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने आरोपी भैयाराम के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज दर्ज कर ली है।

## पानी साफ-सुथरा रखने को तालाब में लगेगा शोधन प्लांट



भूमि पूजन करते चेयरमैन शकील अहमद और ईओ एचएन उपाध्याय व अन्य।

संवाददाता, जलालाबाद

- **झुकैया वाले तालाब का सौंदर्यीकरण शुरू**
- **चेयरमैन, ईओ ने भूमि पूजन कर शुरू करवाया कार्य**

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला यूसुफजई (वार्ड मुश्ताकनगर) में अमृत सरोवर योजना में चयनित झुकैया वाले तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए चेयरमैन शकील अहमद व ईओ एचएन उपाध्याय ने भूमि पूजन कर कार्य शुरू करवा दिया।

नगर स्थित करीब 14 बीघे के रकबे वाले इस तालाब का अमृत सरोवर योजना के तहत सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसके लिए शासन ने एक करोड़ बहत्तर लाख से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया था। पहली किश्त जारी होने के बाद निर्माण कार्य संबंधी प्रक्रिया आगे बढाने के लिए गुरुवार को भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। अमृत सरोवर योजना के तहत इस तालाब में कई मोहल्लों के जाने वाले गंदे पानी के नाले को बंद कर उसे दूसरी जगह से निकाला जाएगा, पानी को साफ सुथरा रखने के लिए तालाब में शोधन प्लांट भी लगेगा।

तालाब के चारों तरफ बनने वाले पाथ-वे पर लोग घूम फिर सकेंगे। तालाब के चारों ओर लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था की जाएगी तथा कई स्थानों पर सीढ़ियां बनना भी प्रस्तावित हैं। तालाब के सौंदर्यीकरण से नगर के विकास में चार चांद लग जाएंगे।

## आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित लोग पहुंचे कोतवाली

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे स्थित गुरुद्वारा में धार्मिक आयोजन में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित सिख समुदाय के तमाम लोगों ने कोतवाली पहुंचकर नाराजगी जताई। कोतवाल ने कार्यक्रम के दौरान वहां पर पुलिस फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए।

बंथरा के प्रधान जगतपाल सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को कोतवाली पहुंचे सिख समुदाय के तमाम लोगों ने कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह को बताया कि हर साल सेवादार विशाखा सिंह के नेतृत्व में नेशनल हाईवे स्थित बंथरा गुरुद्वारे में होली से पूर्व होला कार्यक्रम के तहत तीन दिन तक गुरुग्रंथ साहब का पाठ, लंगर एवं अन्य आयोजन होते हैं। गत वर्षों की भांति शुक्रवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू हो रहा है। परिवार के ही कुछ दबंग लोग गुरुद्वारे पर कब्जा करने की नीयत से आयोजन में बाधा डाल रहे हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने नगरिया मोड़ चौकी प्रभारी से भी की थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण होने वाले कार्यक्रम में दबंगों द्वारा झगड़ा फसाद करने की संभावना है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और कार्यक्रम के दौरान वहां पर पुलिस फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए। इस दौरान सरदार हरदयाल सिंह, हर फूल सिंह काली, सुरजीत सिंह,हरप्रीत सिंह, तरसेम सिंह, साहब सिंह आदि मौजूद रहे।



कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते सिख समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

- **धार्मिक आयोजन में बाधा उत्पन्न करने वालों पर की कार्रवाई की मांग**
- **कोतवाल ने दिए कार्यक्रम के दौरान पुलिस फोर्स तैनात करने के निर्देश**

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ◆ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ◆ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ◆ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ◆ पीलिया का इलाज, ◆ दिमागी बुखार, ◆ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## एक नजर

### तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी रघुवीर ने बताया कि गांव के राजू से पुरानी रंजिश चल रही है। दस मार्च की रात आठ बजे वह फसल की रखवाली करने खेत पर जा रहा था। रास्ते में राजू और उसके साथियों ने उसे घेर लिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर पहुंचे लोगों के डर से जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी राजू और अजीत कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बिजली के लटकते तार सही कराने की मांग

**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण संगठन के नगर अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता ने सहायक अभियंता विद्युत विवरण विभाग ककरा हाईडिल को पत्र भेजकर जगह-जगह झूलते बिजली के तार दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि घरों में बिजली का कनेक्शन देने के लिए तार खींचे गए है, लेकिन पर्याप्त खंभे नहीं होने के कारण तार जमीन से पांच से छह फुट की ऊंचाई पर लटके हुए हैं, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने लटकते तार सही कराने का आग्रह किया है।

# अधूरा छोड़ा नाला बना मुसीबत, जान जोखिम में डाल निकल रहे लोग

## एमनजई जलालनगर के वाशिंदे बोले, कोई डूब गया तब क्या होगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में मोहल्ला एमनजई जलालनगर में पानी निकास के लिए बनाए जाने वाले नाले का निर्माण अधूरा छोड़ देने से मोहल्लेवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। हालत यह है कि जिस स्थान पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ा गया है, वहां के रहने वाले लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। जैसे-तैसे निर्माणाधीन नाले के पास से गुजरते हैं, तब उन्हें उसमें गिरने का डर बना रहता है।

एमनजई जलाल नगर में वार्ड नंबर 22 से निकले इस नाले को पानी ढका ताल से होकर गर्रा नदी में जाकर गिरता है। करीब एक किलोमीटर लंबे इस नाले का निर्माण कार्य छह माह पहले नगर निगम की ओर से शुरू कराया गया था। ज्यादातर हिस्से में निर्माण कार्य करते हुए सीमेंट की स्लैब डाल दी गई लेकिन कुछ स्थानों पर अभी तक निर्माण कार्य अधूरा है। ठेकेदार ने नाले के किनारे नाले पर स्लेप डालने के लिए लोगों के मकान से मिलाकर गड्ढा खोदकर अधूरे पिलर छोड़ दिए हैं। लोगों का दरवाजे से निकलना मुश्किल हो गया है। यदि जरा सा पैर स्लिप हो जाए तो लोग कई फुट गहरे गड्ढे में गिर जाएंगे। नाले की वजह से महादेव, रमेश, संतराम, राममूर्ति, पप्पन, लल्ला पंडित, रामलाल, अनिल आदि के परिवार वालों को सबसे अधिक दिक्कत हो गई है। दरवाजे के सामने निर्माण सामग्री के साथ ही अन्य मलबा बिखरा पड़ा है। दरवाजे और नाले की दीवार के बीच बमुश्किल साइकिल निकलने भर की जगह बची है। अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने के लिए मोहल्ले के लोग कई बार नगर आयुक्त और डीएम को पत्र दे चुके हैं, इसके बाद भी निर्माण शुरू नहीं कराया गया। एक माह पहले नगर आयुक्त ने मौका मुआयना कर लोगों को आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह में निर्माण कार्य शुरु हो जाएगा। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।


नाले में गिरने से बचकर निकलती युवती। ● अमृत विचार

- **दरवाजे के सामने पड़ी है निर्माण सामग्री और मलबा**
- **नगर आयुक्त के आश्वासन के बाद भी शुरू नहीं हो पाया काम**

> लोगों की दिक्कतों को देखते हुए ठेकेदार को नाला निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस स्थान पर कार्य अधूरा है, वहां भी जल्द कार्य पूरा कराया जाएगा।
> – **मनोज कुमार**, अवर अभियंता, नगर निगम निर्माण विभाग


एमनजई जलाल नगर में वार्ड नंबर 22 में अधूरा पड़ा नाला बना खतरा। ● अमृत विचार

### क्या कहते हैं लोग


करीब एक माह पहले नगर आयुक्त ने यहां आकर मौका मुआयना किया था और एक दो दिन में काम शुरू कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं किया गया है। इससे खतरा बना हुआ है। **-अमेजॉन**


आधा-अधूरा निर्माण कार्य छोड़ देने से हर वक्त खतरा बना हुआ है। सबसे बड़ा डर तो बच्चों को लेकर बना रहता है कि कहीं धोखे में कोई बच्चा नाले में गिर गया तो क्या होगा, लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। **-रमेश कुमार**


जब से नाले का निर्माण शुरू हुआ है, तब से हम लोग ऐसे रह रहे हैं, जैसे की अपने की घरों में कैद कर दिए गए हैं। बाजार से सामान लेकर आओ तो नाला पार करके घर पहुंचना और भी मुसीबत से भरा होता है। **-आशा देवी**


हम लोगों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम को नाला निर्माण कार्य जल्दी पूरा करा देना चाहिए लेकिन इस ओर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा हम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। **-शिवम**


लोगों के घरों के सामने पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

# वाहन चालकों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ


सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** कलान तहसील सभागार में गुरुवार को जान है, तो जहान है विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि दुर्घटना से बचाव को वाहन चालकों समेत राहगीरों को भी यातायात नियमों की जानकारी व सड़क सुरक्षा के प्रति सावधानियों की जानकारी रखना जरूरी है। परिवहन नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटना पर विराम लगाया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार मोहम्मद अजहर अंसारी ने करते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा नियम अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र शाक्य, ओमशरण यादव, सत्यवीर सिंह ,वीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## लू के प्रकोप से बचाव को आपदा प्रबंधन ने जारी की एडवाइजरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गर्मी की शुरुआत होते ही उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण लखनऊ की ओर से हीटवेव/लू से वाले नुकसान व बचाव को लेकर एडवाइजरी जिला स्तर से जारी करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपेक्ष्य में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने जलवायु परिवर्तन के कारण हो रही गर्मी बदलाव को लेकर जनपद, तहसील व ब्लॉक पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। जिसमें जिला मुख्यालय पर एडीएम वित्त, सीवीओ, तहसील में सभी एसडीएम व ब्लॉकों में बीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। साथ ही डीएम ने लू-प्रकोप से से बचाव व राहत कार्य के लिए विभागवार जिम्मेदारी बांट दी है।

जिला आपदा विशेषज्ञ अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि डीएम की ओर से लू से बचाव व उसके लक्षण को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। विभागों को विभागवार जिम्मेदारी दी है और उनसे कार्य योजना मांगी गई है।

# पहरुआ में जिओ बैग लगा रोका जाएगा कटान

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** रामगंगा की बाढ़ की मार से कराह रहे पहरूआ गांव में अब सिंचाई विभाग बाढ़ निरोधक कार्य कराकर मरहम लगाने का काम करने लगा है। काम शुरू होने से रंगेश्वर महादेव मंदिर समेत गांव को कटान से निजात मिल सकेगी।

मिर्जापुर का पहरूआ गांव में रामगंगा ने भीषण तबाही मचाई थी। जिसके चलते सरकारी स्कूल व दर्जनों ग्रामीणों के आशियाने नदी में समा गए थे। सैकड़ों बीघा बेशकीमती जमीन रामगंगा अपने आगोश में समेट चुकी है। जिसके चलते ग्रामीण नदी पार कर खेती करने को विवश है।

एक दशक के संघर्ष के बाद ग्रामीणों की मेहनत रंग लाई है। गांव किनारे 510 मीटर में बाढ़ निरोधक परियोजना पर काम सिंचाई विभाग द्वारा शुरू करा दिया है। नदी किनारे जिओ बैग लगाकर ठोकरे बनाई जाएगी और रामगंगा की धारा को मोड़ा जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद नदी के मुहाने पर खड़ा रंगेश्वर महादेव मंदिर तथा गांव कटान से सुरक्षित हो जाएगा।

इस संबंध में जेई श्यामाकुमार ने बताया कि परियोजना के तहत स्पर व स्टड बनाए जाएंगे। ग्रामीणों को कटान से निजात मिल सकेगी।


जिओ बैग लगाती जेसीबी।

- **पहरुआ में 510 मीटर की परियोजना पर काम शुरू, रामगंगा ने मचाई थी भीषण तबाही**

# खानपान, दिनचर्या सुधार कर कैंसर से बचें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आयुध वस्त्र निर्माणी (ओसीएफ) में गुरुवार को कैंसर के कारण तथा उससे बचाव के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों को कैंसर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि आज के समय में दूषित खानपान एवं अनियमित दिनचर्या के कारण मनुष्य में कैंसर की संभावनाएं बहुत बढ़ चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कैंसर होने के कारणों से अवगत कराया। कैंसर होने के मुख्य कारणों से अवगत कराते हुए उन्होंने कैंसर से बचने के विभिन्न उपायों की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते हम खानपान और अपनी दिनचर्या में सुधार लाते हैं, तो काफी हद तक कैंसर जैसी बीमारी से बच सकते हैं। कैंसर का समय पर इलाज बहुत आवश्यक है।

डॉ. अर्जुन ने बताया कि मंडल में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली ही एकमात्र ऐसा इंस्टीट्यूट है, जहां कैंसर के इलाज के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट में कैंसर की जांच एवं इलाज के लिए पेट स्कैन, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी आदि महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर ओसीएफ के वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार ने अतिथि कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल को सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से एजीएम एके वर्मा, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, इंचार्ज सीएमओ डॉ. ए के आर्या, संयुक्त महाप्रबंधक एस के मीना, डीजीएम ऋषि बाबू, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट बरेली के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल को सम्मानित करते वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार।

- **ओसीएफ में रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट बरेली के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने किया जागरूक**
- **संगोष्ठी में डॉ. अर्जुन ने रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी**







# एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग


बैठक में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की गुरुवार को ब्लॉक कांट में विभिन्न मुद्दों को लेकर पंचायत हुई। पंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष कांट गयादीन वर्मा ने की और संचालन हरदयाल वर्मा ने किया। पंचायत में किसानों ने विभिन्न मांगों को उठाया और सरकार से त्वरित समाधान की मांग की।

जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि एमएसपी कानून बनाया जाए। किसानों का कर्ज माफ किया जाए। गयादीन वर्मा ने कहा छुट्टा पशुओं से किसानों का समय व फसलें तबाह हो रही हैं। जिला मंत्री शिवनारायण मिश्र ने कहा कि जनपद में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकार ने सचिवालय का निर्माण कराया है। पंचायत सहायक की नियुक्ति की है, लेकिन उनके पास कोई आईडी न होने के कारण दिक्कत हो रही है। हरदयाल वर्मा ने कहा कि कांट के ग्राम रहमान नगर माफी में राजेंद्र पुत्र सूबेदार के घर से रामपाल पुत्र दुर्गा प्रसाद के घर तक लगभग 200 मीटर पुराना खड़ंजा ग्राम प्रधान ने उखड़वा दिया गया है, इसे दोबारा लगवाया जाए। इसी तरह की तमाम अन्य मांगें भी रखी गईं।

पंचायत में जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, जिला मंत्री शिवनारायण मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष सिंधौली चंद्रपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष ददरौल हरदयाल वर्मा, तहसील अध्यक्ष सदर दीपक मिश्रा, सतीश बाबू, रामस्वरूप यादव, लल्ला सिंह, शेर सिंह, छविनाथ, ब्लॉक अध्यक्ष कांट गयादीन वर्मा समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

- **कांट में हुई विभिन्न मुद्दों पर पंचायत**

## डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, मजदूर की गई जान

**निघासन।** शारदा नगर क्षेत्र के गांव सोहरिया निवासी तेजाबी (20) ट्रैक्टर ट्राली लेकर गन्ने का बीज लेने खैरहनी जा रहे थे। ट्रैक्टर पर रामगोपाल पुत्र मंगरे, मंगरे पुत्र कंधई, संतोष पुत्र झब्बू सवार थे। टहारा- अदलाबाद बंधा रोड पर सोठियाना गांव के पास पीछे आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्राली में टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। सभी ट्रॉली के नीचे दब गए। तेजाबी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया।

# डीआरएम रन थ्रू निकल गए, धरी रह गई तैयारी, अफसर करते रहे इंतजार

## दो घंटे ब्लॉक में फंसा रहा निरीक्षण यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रेल मरम्मत को कहेलिया और रामप्रसाद बिस्मिल स्टेशन के बीच ब्लॉक के चलते टला दौरा

**अमृत विचारः** अप लाइन पर ब्लॉक होने के कारण निरीक्षण यान कहेलिया रेलवे स्टेशन पर दो घंटे फंस गई। डीआरएम राजकुमार सिंह रेलवे स्टेशन का निरीक्षण नहीं कर पाए और ब्लॉक खत्म होने पर रन थ्रू मुरादाबाद के लिए निकल गए। स्टेशन पर निरीक्षण को लेकर तैयारी धरी रह गईं।

मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने गुरुवार की सुबह 11 बजे बरेली से टोडरपुर तक निरीक्षण यान से विंडो निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें स्टेशन या रेलवे फाटक पर कर्मचारी हरी झंडी दिखाते हुए मिले। उन्होंने टोडरपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। डीआरएम को वापसी में स्थानीय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करना था। जिसके लिए स्टेशन पर पहले से तैयारी कर ली गई थी। डीआरएम टोडरपुर से दोपहर बाद मुरादाबाद के लिए वापस हो रहे थे।

इस दौरान रेलवे कंट्रोल ने अप लाइन पर रेल मरम्मत आदि कार्य के लिए पौने दो बजे से पौने चार बजे तक कहेलिया और रामप्रसाद बिस्मिल स्टेशन के बीच ब्लॉक दे दिया। जिसके चलते डीआरएम के निरीक्षण यान को कहेलिया रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। ब्लॉक खत्म होने के बाद डीआरएम निरीक्षण यान से रन थ्रू मुरादाबाद के लिए निकल गया। स्टेशन पर रेलवे अधिकारी व कर्मचारी प्लेटफार्म पर डीआरएम के इंतजार में खड़े रह गए।



रोजा ओवरब्रिज के नीचे अंडरग्राउंड विद्युत लाइन के कार्यों को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर से बातचीत डीआरएम राजकुमार सिंह। • अमृत विचार

### रोजा स्टेशन पर कार्यों को जल्द पूरा करने का आदेश

**रोजा, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने गुरुवार को रोजा स्टेशन पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिये है। डीआरएम गुरुवार की सुबह स्पेशल ट्रेन से रोजा स्टेशन पहुंचे। उन्होंने ओवरब्रिज के नीचे चल रहे अंडरग्राउंड विद्युत लाइन के कार्यों की जानकारी ली। बताया जाता है कि अंडरग्राउंड विद्युत लाइन डालते समय रेलवे की कई लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थी। उन्होंने संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर से बातचीत कर नई तकनीक से कार्य को तत्काल पूरा करने का आदेश दिया। इसके बाद डीआरएम रोजा साइडिंग पहुंचे जहां अधूरे पड़े प्लेटफार्म पर आ रही दिक्कत को लेकर निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश देकर हरदोई रवाना हो गए। निरीक्षण के दौरान रेलवे निर्माण के अधिकारियों के अलावा स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत आदि मौजूद थे।

## बैलगाड़ी से टकराई बाइक होमगार्ड की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र में सिकंदराबाद रोड पर वैदाखेड़ा गांव के पास गुरुवार की रात करीब 9:45 बजे बैलगाड़ी से टकराकर बाइक सवार होमगार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव चठिया निवासी होमगार्ड रंजीत कुमार (48) पुत्र शंकरलाल गांव के ही रहने वाले किशोरी लाल के साथ बाइक से किसी के जन्मदिन में शामिल होने वैदाखेड़ा गांव जा रहे थे। वैदाखेड़ा गांव की मोड़ पर सामने से अचानक बैलगाड़ी आ गई, जिससे टकराकर होमगार्ड रंजीत कुमार और उसका साथी किशोरीलाल गंभीर घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रंजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया।

किशोरी लाल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# महापौर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निर्माणाधीन सामुदायिक केंद्रों के निर्माण की गुणवत्ता परखी

**अमृत विचारः** महापौर अर्चना वर्मा ने गुरुवार सुबह आठ बजे से सदर बाजार, बहादुरगंज, घंटाघर, हुंडालखेल, मालखाना मोड पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सामुदायिक केंद्रों के निर्माण की गुणवत्ता भी परखी। बाबा बनखंडीनाथ मंदिर के पास दुर्गा बेकरी तक स्थानीय लोगों द्वारा बड़े पत्थर नाली में फेंक दिए गए थे, जिस कारण नाली का पानी चोक हो जाने के कारण सड़क पर बह रहा था, इसको दुरूस्त कराए जाने के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित को निर्देश दिए। वहीं फत्तेपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण पार्षद सीमा यादव, नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी के साथ किया। इसके अतिरिक्त सरायकाइयां में बनाए जा रहे सामुदायिक केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर और नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह ने ईंटों को आपस में तोड़कर उनकी मजबूती का परीक्षण किया, जिसमें ईंट भी गुणवत्तापूर्ण पायी गयी।

महापौर ने स्थानीय निवासियों त्यौहारों के दृष्टिगत अपने आस-पास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने की अपील की। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह होली व रमजान पर्व के दृष्टिगत बाजारों में किसी प्रकार से ग्रिल के बाहर सामान न रखें।




आपस में टकराकर ईंट की मजबूती देखतीं महापौर। • अमृत विचार

## मां-बेटी को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचारः** गालियों का विरोध करने पर दबंगों ने मां बेटी को पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

गांव धारा निवासी गीता पत्नी खुशीराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी, तभी उक्त लोगों ने गालियां दी। गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट की। बचाने आई पुत्री मोहनी की पिटाई कर दी।

# नाटिका से किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर्स एवं ग्रामीण। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेडिकल कॉलेज में सीएमओ ने समझाई परिवार गोद कार्यक्रम की महत्ता
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किए विचार, ग्रामीण सम्मानित

**अमृत विचारः** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में गुरुवार को 2023 बैच के द्वारा परिवार गोद लेने से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. आरपी गौतम की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं ने मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार नामक लघु नाटिका के माध्यम से सभी को जागरुकता का संदेश दिया। लघु नाटिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य अधिकारों एवं सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का ज़िक्र करते हुए ग्रामीणों को स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक किया और अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। सीएमओ ने परिवार गोद कार्यक्रम की महत्ता समझाते हुए इसे समाजोपयोगी बताया।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, डॉ. जय प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्मानित भी किया गया।

## कैमहरा में तीन घरों में लगी आग जिंदा जले पशु

**बिलहरी, अमृत विचारः** गोला तहसील क्षेत्र के गांव कैमहरा में आग से तीन घर जल गए जिसमें भैंस जिंदा जल गई और कार जलकर राख हो गई। आग से काफी नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

ग्राम कैमहरा में सूरजबली के घर में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई, जिससे सूरजवली की टाटा सफारी गाड़ी जल गई। साथ ही दो बकरियां और एक भैंस जलने से मर गईं। आग से घर में रखा हुआ राशन, सामान भरा बक्सा, इंजन जल गया है। आग ने पड़ोस के भगवानदीन के घर को भी चपेट में ले लिया जिससे उनके घर में एक बकरी की जल जाने से मौत हो गई है। सारा सामान जल गया। लालाराम के घर में छप्पर और कुर्सियां जल गईं।

# इलेक्ट्रॉनिक कांटे से खाद्यान्न वितरण पर कोटेदार सहमत



इलेक्ट्रॉनिक कांटे से खाद्यान्न वितरण पर खुशी व्यक्त करते कोटेदार।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शाप इकाई की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही शासन के निर्देशानुसार 15 मार्च से निः शुल्क खाद्यान्न का वितरण वेइंग मशीन (इलेक्ट्रॉनिक कांटे) के माध्यम से कराने पर सहमति जताई गई।

गुरुवार को आयोजित बैठक में अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल ने कहा कि नवीन व्यवस्था से उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सकेगा। उन्होंने शासन एवं प्रशासन की पारदर्शी व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जता स्वागत किया। ईमानदारी से कार्य करने का निर्णय लिया। उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वह इसी माह से शुरू हो रही व्यवस्था को लागू करने में सहयोग बनाए रखें। ओसीएफ राशन शॉप पर हुई बैठक में पूनम कुशवाहा, सत्यभान सिंह, मोहित जुनेजा, इश्तियाक अहमद, राजवीर सिंह, सुनील चन्द्र, ममता थरेजा, प्रदीप वर्मा, अमर सिंह यादव, नरेश कुमार, मो. जान, मो. सगीर, मधुर पाल, अनूप मिश्रा, प्रदीप कुमार, प्रेम नरायन यादव समेत शहर और पुवायां के सभी विक्रेता शामिल हुए।


सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह अभी फोन करें :
GURU AADIL JI 9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*"राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# अखंड पाठ के पारायण पर हुए भंडारे में उमड़े लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मंदिर में ढोलक बजाकर भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महानगर के मोहल्ला बक्सरियां स्थित श्री दुर्गा रतन मंदिर में चल रहे दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भंडारा के साथ समापन हो गया। समापन पर महिलाओं ने भजन गाकर खूब नृत्य किया।

श्री दुर्गा रतन मंदिर में वार्षिक अनुष्ठान के अंतर्गत बुधवार की सुबह श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू हुआ। दूसरे दिन गुरुवार को सुबह अखंड पाठ का समापन हुआ। हवन पूजन के बाद महिलाओं ने मंदिर में ढोलक, झांझ, मजीरे की धुन पर भजन-कीर्तन किया। भजनों में महिलाओं ने जमकर नृत्य कर देवी-देवताओं का गुणगान किया। समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर चले भंडारे में सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने प्रसाद छका। मंदिर के मुख्य पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित अवधेश मिश्र के मार्गदर्शन में चले अनुष्ठान में दुर्गा मंदिर मंडी के पंडित अरुण शुक्ला, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, सुशील मिश्र, हरिओम, संतोष कुमार, आशुतोष तिवारी, राकेश त्रेहन, आशीष रस्तोगी, हरनाम कटियार, अनिल रस्तोगी, हरिओम वाजपेयी, राकेश आदि का सहयोग रहा।

# तीन मंत्री फिर भी नहीं हुआ दिल्ली पैसेंजर का संचालन

## बरेली में दिनभर खड़ी रहती है ट्रेन, अन्य ट्रेनों में जनरल कोच कम होने से दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर से दिल्ली का किराया**
- पैसेंजर ट्रेन का किराया 65 रुपये
- एक्सप्रेस ट्रेन का किराया 115 रुपये

- **होली को लेकर लोगों ने ट्रेन का संचालन शुरु किए जाने की मांग उठाई**
- **ट्रेन चलने से बढ़ेगी रेलवे की आमदनी, यात्रियों को मिलेगी राहत**

**अमृत विचार:** जिले में तीन मंत्री होने के बावजूद दस साल से दिल्ली-शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हो पाया है। जबकि दिल्ली से बरेली ट्रेन चल रही है और पूरे दिन ट्रेन बरेली में खड़ी रहती है। यदि इस ट्रेन का संचालन यहां तक शुरू हो जाए तो रेलवे के पार्सल घर की आय, टिकट की आय बढ़ने के साथ यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। होली के पर्व को लेकर लोगों ने इस ट्रेन का संचालन शुरू किए जाने की मांग की है।

रेल प्रशासन ने कई साल पहले शाहजहांपुर-दिल्ली पैसेंजर का संचालन शुरू किया था। इससे यात्रियों को काफी राहत मिली थी। इसके अलावा रेलवे की टिकट बिक्री और पार्सल घर की आय में बढ़ोत्तरी हुई थी। व्यापारी अपना सामान इससे बुक कराके मंगाते थे। दिल्ली पैसेंजर ट्रेन बंद हुए कई साल हो गए है। ट्रेन के बंद होने से व्यापारियों ने अपना सामान ट्रांसपोर्ट से मंगाना शुरू कर दिया। इससे रेल प्रशासन की आय पर भी फर्क पड़ा है। दिल्ली के लिए एक्सप्रेस कई ट्रेनें चल रही है लेकिन जनरल कोच कम कर दिए गए है। जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं होती है। दिल्ली पैसेंजर का संचालन बरेली तक हो रहा है। यह ट्रेन पूरे दिन बरेली में खड़ी रहती है और शाम को बरेली से दिल्ली के लिए रवाना होती है। इसे पकड़ने के लिए सीतापुर और यहां से लोग बरेली जाते हैं। ट्रेन को चलाने के लिए रेलवे जीएम, सांसद और डीआरएम से कई बार मांग की गई। ट्रेन के संचालन से यात्रियों को राहत के साथ-साथ रेल की आय बढ़ेगी। होली के पर्व को लेकर इस ट्रेन का संचालन यहां तक किए जाने की मांग की गई है।


होली के पर्व को लेकर ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को लेकर दिल्ली पैसेंजर का संचालन शाहजहांपुर तक किया जाए। दिल्ली से आने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। पीलीभीत के लिए दोपहर दो बजे एक ट्रेन का संचालन किया जाए।
**- रामकृष्ण शर्मा**


कई साल पहले दिल्ली पैसेंजर का संचालन यहां से होता था। व्यापारी अपना सामान दिल्ली से आसानी से बुक कराकर ले आते थे। दिल्ली जाने और आने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत थी। बरेली के स्थान पर यहां से संचालन शुरु किया जाए।
**-आदीश जैन**


दिल्ली पैसेंजर के संचालन से काफी लोगों को राहत थी। सीतापुर के यात्री दोपहर को दूसरी ट्रेन से आकर दिल्ली पैसेंजर ट्रेन पकड़ लेते थे। अब लोगों ट्रेन पकड़ने के लिए बरेली जाना जाता है। ट्रेन के चलने से रेल की आय में बढ़ोत्तरी के यात्रियों को राहत मिलेगी।
**- मुकेश कुमार**


रेल प्रशासन ट्रेन में जनरल कोच कम कर दिए है। कोच कम कर देने से यात्रियों को दिक्कत होती है। कई साल पहले दिल्ली पैसेंजर का संचालन होता था। ट्रेन से गरीब यात्रियों को काफी राहत थी। कम किराया में यात्री दिल्ली आराम से पहुंच जाता है। होली के पर्व को लेकर ट्रेन का संचालन शुरु किया जाए।
**-रामऔतार यादव**

# पति के साथ बाइक से जा रही विवाहिता से छेड़छाड़

संवाददाता, सिंधौली

- **कोटेदार और उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** पति के साथ बाइक पर सवार होकर ससुराल जा रही विवाहिता के साथ रास्ते में साथियों के साथ आए कोटेदार ने लाइसेंसी बंदूक की नोक पर छेड़छाड़ की। विवाहिता के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे लोग आ गए, जिन्हें देख आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग गए। पुलिस ने मामले में आरोपी कोटेदार सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक गुरुवार दोपहर बाद सिंधौली क्षेत्र के एक गांव स्थित ससुराल से पत्नी की विदा कराकर बाइक से घर जा रहा था। उमरिया पुल के समीप दो साथियों सहित आए ग्राम पंचायत कोटावारी के कोटेदार रजा मोहम्मद ने बाइक के सामने थार गाड़ी लगा युवक को रोक लिया। आरोप है कि लाइसेंसी बंदूक से लैस कोटेदार ने विवाहिता के साथ सरेराह अश्लील हरकतें कीं। दंपती के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर आ गए। जिन्हें देख आरोपित कोटेदार साथियों सहित मौके से भाग गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर थार गाड़ी को लाकर कोतवाली में खड़ा किया। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित कोटेदार रजा मोहम्मद सहित दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनचले युवकों से दो बहनें परेशान

**जलालाबाद।** जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव की दो सगी बहनों ने बताया कि उनकी उम्र 20 व 18 साल की है। दोनों बहनें कोचिंग पढ़ने जाती है। गांव के संदीप, शुभम व आलोक सिंह रास्ते में उनसे छेड़छाड़ करते है। तीनों आरोपी कहते है कि बात किया करो और बात नहीं की तो तुम्हारे भाई से झूठी शिकायत कर कोचिंग छुड़वा देंगे। पीड़िताओं का आरोप है कि तीन माह से आरोपियों ने कोचिंग आना-जाना दूभर कर दिया है। बताया कि आरोपियों ने मोबाइल से उन दोनों का फोटो खींच लिया और वायरल करने की धमकी देते है। आरोपियों के परिवार वालों से शिकायत की गई तो उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया। पुलिस ने आरोपी संदीप, शुभम, आलोक सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** निगोही क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि गांव का सोनू उस पर बुरी नजर रखता है। पांच मार्च की रात आठ बजे वह घर के बाहर सरकारी नल पर बर्तन धो रही थी। आरोप है कि आरोपी सोनू ने गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और जबरन पकड़कर एक कमरे में ले गया। कमरे में भूसा आदि भरा हुआ था। उसने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**शराब के लिए रुपये न देने पर युवक पर जानलेवा हमला : बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी हर्ष गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार दोपहर वह दोस्त नितिन के साथ गद्दी चौक से जा रहे थे। रास्ते में छह युवकों ने बाइक रोक ली। शराब पीने को रुपये मांगे। मना करने पर तमंचा तान दिया। उसकी जेब से 1240 रुपये निकाल लिए।


## सार-संक्षेप

### मंत्री से मिले ग्रामीण, सड़कों का निर्माण कराने की मांग



**कुर्रिया कला।** ददरौल की मल्हपुर ग्राम पंचायत में एक साथ चार सड़कों के नवनिर्माण को स्वीकृत मिलने के बाद ग्रामीण गुरुवार को लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद से प्रसाद भवन में मिले। ग्रामीणों ने मंत्री का आभार व्यक्त करने के साथ ही सड़कों का निर्माण जल्द शुरू कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि नई सड़कें बनने से आस-पास के गांवों को मुख्य पथ से जोड़ा जाएगा, जिससे गांव के हजारों लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। जितेंद्र प्रसाद उर्फ बाबा साहब के सहयोगी रहे वरिष्ठ नागरिक और पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रताप मिश्रा ने बताया कि प्रसाद परिवार का हमेशा से मल्हपुर गांव से काफी लगाव रहा है। गांव के विकास में प्रसाद भवन का अहम योगदान रहा है। बता दें कि मल्हपुर से बहादुरपुर, मल्हपुर से बिसरा, मल्हपुर से सरथौली, मल्हपुर प्राथमिक विद्यालय उत्तर से मल्हपुर प्राथमिक विद्यालय दक्षिण तक चार सड़कों के निर्माण से आसपास के गांव में काफी विकास होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख कांट श्री दत्त शुक्ला, रामप्रताप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### एसएस लॉ कॉलेज में छात्रों को बांटे स्मार्ट फोन



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने बताया कि महाविद्यालय में 12, 13 और 14 मार्च को विधि छात्र-छात्राओं को शासन की मंशानुरूप स्मार्ट फोन वितरित किए गए। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा ने स्मार्ट फोन का वितरण करते हुए उसका शिक्षा और तकनीकी के क्षेत्र में सदुपयोग करने को प्रेरित किया। अंतिम दिन विधि त्रिर्षीय और पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया। स्मार्ट फोन वितरण में डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. अमित कुमार यादव, रंजना खंडेलवाल, डॉ. प्रेम सागर, अशोक कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ला, अभिलाष पांडेय, अमित सैनी, गौरव गुप्ता, शिवओम शर्मा आदि का योगदान रहा।

# फर्जी ऑडियो वायरल की जांच में लगी सर्विलांस टीम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**आसाराम प्रकरण**
- **पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट, मिला गनर**

> पीड़िता के पिता ने आकर बताया कि एक ऑडियो वायरल हुआ है। जो गलत तरीके से वायरल किया गया है और ऑडियो से कोई लेना-देना नहीं है। उनके आवास पर पहले से गारद है और एक सशस्त्र सिपाही और दे दिया गया है। सर्विलांस टीम को लगाया गया और जांच की जा रही है।
> **- अशोक कुमार मीणा**, एसपी

**अमृत विचार:** नाबालिग के साथ यौन शोषण के मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा में जेल में बंद है। इधर एक बार फिर पीड़िता के परिवार को बदनाम करने का मामला प्रकाश में आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो को पीडिता के पिता ने फर्जी बताया है। पुलिस ने एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुरक्षा के लिए पीड़िता को गनर दिया गया है। सर्विलांस टीम को लगाया गया है।

बता दें कि जिले की रहने वाली एक किशोरी ने आसाराम पर वर्ष 2013 में दुष्कर्म का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 2018 में कोर्ट ने आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आसाराम जेल में बंद है। पीड़िता के परिवार को लगातार आसाराम के समर्थकों द्वारा बदनाम किया जाता रहा था। कई साल पहले आसाराम समर्थक ने ग्वालटोली के निकट रात में गदियाना के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसका मुकदमा सदर बाजार थाना में दर्ज किया गया था और आरोपी जेल गया था। बुधवार की शाम एक ऑडियो वायरल हुआ जिसमें एक व्यक्ति बोल रहा है कि मेरी बेटी ने मेरे कहने पर आसाराम पर झूठा आरोप लगाया था। यह ऑडियो दो मिनट 20 सेकेंड का है। यह ऑडियो अनिल शर्मा के नाम से ट्वीट हुआ है। पीड़िता के पिता ने ऑडियो को संज्ञान में लिया और एसपी से मिले थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनको बदनाम करने की नीयत से किसी यह ऑडियो वायरल किया है। उन्होंने चौक कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह आसाराम शोषित पीड़िता का पिता है। अनिल कुमार नाम के ट्विटर हैंडल पर एक हैंडल से ऑडियो वायरल किया, जिसमें एक व्यक्ति अपने आप को लड़की का पिता बताता है कि मुझे माफ करें, मेरी बेटी ने झूठा आरोप लगाया था। वीडियो सरासर झूठा है।

प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अनिल कुमार शर्मा के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम धारा 67 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता के घर पहले से एक गारद है और पिता को एक सशस्त्र सिपाही और दे दिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# पार्टी कर लौट रहे दो एमबीबीएस छात्रों की सड़क हादसे में मौत

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** राजश्री मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे चारों छात्रों की अंतिम वर्ष की परीक्षा खत्म हुई थी। इसकी खुशी में बुधवार देर रात फरीदाबाद निवासी दीपक भाटी (23), सिवान बिहार निवासी राहुल श्रीवास्तव (23), आयुष पोरवाल (23) और इटावा निवासी कृष्ण यादव (24) बरेली शहर से पार्टी कर एक कार से वापस मेडिकल कॉलेज लौट रहे थे। दिल्ली हाईवे पर फतेहगंज पश्चिमी में उनासी चौराहे के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार की वजह से कार डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी दिशा में जाकर बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दीपक भाटी और राहुल श्रीवास्तव की मौके पर मौत हो गई, जबकि, आयुष पोरवाल और कृष्ण यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी मौके पर पहुंचे।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
यूरो सर्जरी एवं न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ यूरो सर्जन एवं न्यूरो सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: यूरोलॉजी सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 173, न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 182 } रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
यूरोलॉजी विभाग में सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
- गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी।
- पेशाब की थैली में पथरी।
- पेशाब रुक-रुक कर आना।
- पेशाब का बार-बार आना।
- पेशाब में खून व पस आना।
- पेशाब दूधिया आना।
- पेशाब की नली में रुकावट होना।
- किडनी का कैंसर।
- पेशाब की थैली का कैंसर।
- Erectile disfunction (लिंग का ढीलापन)
आदि का समुचित उपचार
न्यूरो सर्जरी विभाग से सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
सिर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी बुखार, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी. स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट इत्यादि। टाँग या पैर व त्वचा का सुन्न होना, कमर की नस दबना, टांगो में कमजोरी महसूस होना, कमर में दर्द होना, दर्द का बैठने या खाँसने पर गम्भीर होना इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध।
ब्रेन ट्यूमर के लक्षण :-
1. कान से कम सुना देना, आँख की रोशनी कम होना।
2. सर में दर्द, विशेष रूप से सुबह के समय होने वाला दर्द।
3. बार-बार उल्टी आना, मिर्गी आना, शरीर में कमजोरी आना व व्यवहार में परिवर्तन आदि।
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
पीडियाट्रिक सर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ पीडियाट्रिक एवं प्लास्टिक सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: पीडियाट्रिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 202, प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 172 } रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
MRI, C.T. Scan एवं I.C.U. की सुविधा उपलब्ध
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
हर्निया, हाईड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठे, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में को सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, पेट का बार-बार फूलना व अचानक फूलना, बार-बार उल्टी होना, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर न होना, पेशाब में बार-बार संक्रमण होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सर में पानी भर जाना, रीड की हड्डी पर गांठ।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
- जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशानों की सर्जरी।
- जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी की सर्जरी।
- जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर की सर्जरी।
- जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन, चिपका या विकृत होने की सर्जरी।
- जन्मजात हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियों व पंजों की सर्जरी।
- जलने या दुर्घटना में फटे-कटे नाक, कान, होठ व कैंसर इलाज के घाव की सर्जरी।
- दुर्घटना में जलने व चोट के सभी प्रकार के निशानों की सर्जरी।
- स्तन, चेहरे व चमड़ी के कैंसर मुक्त टिशू की सर्जरी।
- चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी।
- बिना दाग धब्बों के शरीर की किसी प्रकार की रसौली की सर्जरी।
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- Mob. 7521001988, 7521001989

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.01.2024 को घर से पीलीभीत जाते समय मेरे बैग से हाईस्कूल अनुक्रमांक 1000834 व इन्टर अनुक्रमांक 0735880 व बी.ए. प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 9012250075, बी.ए. द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 2212250052, बी.ए. फाईनल अनुक्रमांक 200032250042 कहीं गिर गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले। ख्याली राम पुत्र चोखे लाल नि. ग्राम-विधिपुर, थाना-गजरौला, जिला-पीलीभीत मो. 8126203707

सूचना
मैने अपने पुत्र शाबान अहमद का चाल चलन ठीक न होने, गलत संगत में फंस जाने से उसे चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि वह कोई समाज विरोधी गलत कार्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य के लिए शपथकर्ता का परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। बसीम अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना कस्बा गोला, परगना हैदराबाद, तहसील गोला, जिला- खीरी।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे उमेद सिंह न मानकर मेरे वास्तविक नाम उमेद सिंह मनकोटिया के नाम से जाना जाये। उमेद सिंह मनकोटिया पुत्र स्व. प्रभु सिंह मनकोटिया, आदर्श कॉलोनी, मोहनपुर रोड, नकटिया, बरेली

सूचना
मैं पारूल सिरोही ने अपनी पुत्री का नाम यजुर्वेदिका सिंह से बदलकर यजुर्वेदिका सिंह नट रख लिया है। पता इन्द्रा चौक, राधिका गारमेन्ट सुपर मार्केट गजरौला, जिला अमरोहा उ.प्र.

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल एवं इण्टर की मार्कशीट और सनद वास्तव में कहीं खो गयी है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। विद्या अरोरा पुत्री सतपाल अरोरा निवासी ईए 6/ 255, नई बस्ती, नरकुलागंज, बरेली।

सूचना
मैने अपने पुत्र मोहम्मद शकील व उसकी पत्नी नाजिश को उनके गलत चाल-चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। खैरून निशा पत्नी स्व.लतीफ अहमद निवासी-399, मोहनपुर थाना-कैण्ट,बरेली।

सूचना
मैं अपने सगे बड़े पुत्र इकबाल हैदर ज़ैदी व उसकी पत्नी शबी ए ज़हरा को उनके चाल-चलन के कारण अपने सम्बन्धों को समाप्त कर उनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इन दोनों से मेरा और मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा। श्रीमती मोहिब्बेय फातिमा पत्नी स्व. सैयद जमील हैदर ज़ैदी निवासी 161, गढ़ैया आगा साहब का इमामबाड़ा, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### फार्म सत्यापित करने का दिया मौका

बरेली। बरेली कॉलेज में मुख्यमंत्री की जनसभा की वजह से अंतिम दिन बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा फार्म सत्यापित होने से रह गए थे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक को इस बारे में अवगत कराकर पोर्टल खोलने की मांग की थी। इसकी वजह से गुरुवार को एक दिन के लिए फार्म सत्यापित करने का मौका दिया गया।

### एमएड में प्रवेश के लिए 950 रुपये शुल्क

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएड में त्रुटि की वजह से प्रवेश न ले चुके छात्रों को मौका दिया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि जिन छात्रों का कॉलेज में एमएड प्रथम वर्ष में प्रवेश हो चुका है और वह पढ़ाई कर रहे हैं, उनका प्रवेश विश्वविद्यालय के प्रवेश सेल से 18 मार्च तक 950 रुपये शुल्क लेकर प्रवेश लिया जाए।

# दिल्ली की एक दरगाह में छिपे हैं मौलाना तौकीर रजा खां

## पहले गिरफ्तारी देने को बेताब तौकीर अब खोजने पर भी नहीं मिल रहे

बरेली कार्यालय

- इंस्पेक्टर और सीओ की टीमें नहीं कर पाईं तलाश



**अमृत विचार :** ज्ञानवापी मामले को लेकर 9 फरवरी को अपने समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने को बेताब रहे आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को पुलिस अब तक तलाश नहीं पाई है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर तौकीर रजा के दिल्ली की एक दरगाह में शरण लेने की बात कही जा रही है।

कोर्ट ने तौकीर की गिरफ्तारी के आदेश एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को दिया है। बता दें कि इससे पहले कोर्ट ने तौकीर रजा की गिरफ्तारी का आदेश प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी के बाद सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह को दिया था। सीओ पुलिस की स्पेशल टीम के साथ दिल्ली रवाना हुए थे। पुलिस टीम ने सर्विलांस के जरिए मौलाना के मोबाइल फोन का लोकेशन ली लेकिन लोकेशन श्रेणी सी और डी की ही मिली, जिससे तौकीर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। तौकीर की आखिरी लोकेशन निजामुद्दीन औलिया दरगाह के पास मिली। जहां पर उनका मोबाइल फोन बंद हो गया। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि वह दिल्ली में किसी दरगाह में शरण लिए हुए हैं। सीओ अपनी टीम के साथ वापस बरेली लौट आए हैं। ऐसे में अब एसएसपी तौकीर की गिरफ्तारी के लिए किस टीम को लगाते हैं। वहीं पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस के आला अफसरों में तौकीर को गिरफ्तार करने की सहमति नहीं बन पाई है, जिस कारण पुलिस यहां से लेकर दिल्ली तक सिर्फ खानापूरी ही कर रही है। यही वजह है कि कोर्ट ने भी टिप्पणी करते हुए गिरफ्तारी का आदेश एसएसपी को दिया है।

# विश्वविद्यालय में परिचय पत्र बांटने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के बीच बार-बार मारपीट की वजह से सख्ती की जा रही है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. केपी सिंह ने सुरक्षा प्रभारी के साथ आईकार्ड की चेकिंग की थी लेकिन अब छात्रनेताओं ने छात्रों के कार्ड वितरित करने की मांग की है।

समाजवादी युवजन सभा के गजेंद्र कुर्मी ने चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह को ज्ञापन दिया कि विवि परिसर में लगातार अराजक तत्व घूम रहे हैं। इसकी वजह से छात्रों के परिचय पत्र चेक किए जा रहे हैं लेकिन अधिकांश छात्रों के पास परिचय पत्र ही नहीं हैं, क्योंकि विभागों से परिचय पत्र जारी ही नहीं किए गए। ऐसे में विभाग से परिचय पत्र जारी किए जाएं, ताकि छात्रों को परेशान न होना पड़े।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

**NOTICE**

This is to inform that one Company Petition have been filed against the Company before NCLT Allahabad Bench having Party Name Anju Maurya and others V/s KPS Finacial Nidhi Ltd CP IB No.17 of 2024 and in the above case Order has been passed and notices had been issued against the Company. It is for your kind information that any other person wanted to claim their Issue related to the Company are hereby requested to approach the NClT Court for the same. As our company is under Litigation hence we are unable to entertain any claim from anyone as for the same we are also approaching NCLT Allahabad.

**Koras Pin Savings Financial Services Nidhi Limited.**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. आंवला, जिला बरेली।**

वाद संख्या–213 सन् 2022

1. वैजनाथ पुत्र रामदास निवासी ग्राम रूद्रपुर मजरा नौरंगपुर तहसील आंवला जिला बरेली। 2. छोटेलाल पुत्र रामदास निवासी ग्राम रूद्रपुर मजरा नौरंगपुर तहसील आंवला जिला बरेली। 3. मिहीलाल पुत्र रामदास निवासी ग्राम रूद्रपुर मजरा नौरंगपुर तहसील आंवला जिला बरेली। 4. मदन लाल पुत्र रामदास निवासी ग्राम रूद्रपुर मजरा नौरंगपुर तहसील आंवला जिला बरेली। 5. महेश पाल पुत्र रामदास निवासी ग्राम रूद्रपुर मजरा नौरंगपुर तहसील आंवला जिला बरेली।

**वादीगण.....**

**बनाम**

1. सिपट्टर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह 2. नेकपाल पुत्र रूस्तम 3. राजेन्द्र 4. रमेश 5. राजपाल पुत्रगण कल्लू निवासीगण ग्राम रूद्रपुर मजरा नौरंगपुर तहसील आंवला जिला बरेली।

**प्रतिवादी.....**

हरगाह मुसम्मी वैजनाथ आदि ने दरखास्त हुकुमत और तारीख 10.04.2024 वास्ते समाय तदरखास्त हाजा के मुकर्रर की है लिहाजा इस्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरखास्त हाजा की निसबत को उजर हो असालतन या वकालतन व तारीख 10.04.2024 को पेश होकर दरखास्त हाजा की निसबत उजर पेश करें। दरसूरत इनकाय तारीख मुकर्रर को उजर दरखास्त सुना नही जायेगा और मुनासिब हुक्म निसबत दरखास्त हाजा सादिर होगा। आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया। आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज जू.डि. आंवला जिला बरेली।

**आदेशानुसार**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. आंवला जिला बरेली**

**सम्मन मुद्दालय**

**न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) 3, बरेली।**

न.मु.–887 सन् 2015

**अरविन्द कुमार वर्मा आदि बनाम दिलीप सिंह वर्मा आदि**

1. अरविन्द कुमार वर्मा वयस्क, 2. संजय कुमार वर्मा वयस्क, पुत्रगण स्व. श्री धर्मसिंह वर्मा निवासीगण 106ए इन्द्रानगर कालोनी निकट बी.डी.ए. कालोनी करगैना तह. व जिला बरेली।

**बनाम .... वादीगण**

1. दिलीप सिंह वर्मा व्यस्क, 2. प्रदीप कुमार वर्मा व्यस्क, 3. संदीप कुमार वर्मा व्यस्क, पुत्रगण स्व. श्री जसवन्त सिंह, 4. श्रीमती सीमा वर्मा वयस्क पुत्री स्व. जसवन्त सिंह, समस्त निवासीगण केअर ऑफ वर्मा स्टेशनरी जी.जी.आई.सी. स्कूल के सामने, पीलीभीत, तहसील पीलीभीत, जिला पीलीभीत। 5. श्रीमती अवन्तिका पत्नी श्री विमल कुमार निवासी ग्रीन पार्क बरेली तहसील बरेली जिला बरेली, 6. दिनेश कुमार व्यस्क पुत्र स्व. रन्धीर सिंह, 7. श्रीमती कमलेश वर्मा व्यस्क पुत्री स्व. रन्धीर वर्मा निवासीगण केअर ऑफ वर्मा पी.सी.ओ. एण्ड कन्फेक्सनरी रेलवे स्टेशन परिसर रुड़की जिला हरिद्वार, 8. श्रीमती विमला वर्मा व्यस्क पत्नी स्व. जसवन्त सिंह, निवासी केअर ऑफ वर्मा स्टेशनरी जी.जी.आई.सी. स्कूल के सामने पीलीभीत तहसील पीलीभीत जिला पीलीभीत।

**..... प्रतिवादीगण**

चूंकि मुसम्मी अरविन्द कुमार वर्मा आदि ने आपके नाम एक नालिश वास्ते वंटवारा के दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप वातारीख 19-3-2024 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में वाखुवी वाकिफ हो, मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वर्ना आपके और हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज वतारीख 02/03/2024 मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**आदेशानुसार**

**अपर सिविल जज (जू.डि.) 3, बरेली।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जीतेश भसीन पुत्र श्री जनकराज भसीन एवं श्रीमती टीना भसीन पत्नी श्री जीतेश भसीन निवासीगण 213 सिविल लाइंस स्टेशन रोड बरेली ने एक फ्लैट नंबर जी०एफ- 002 जिसमे अविभाजित क्षेत्रफल 53.29 वर्ग मी० व कवर्ड एरिया 135.32 वर्ग मीटर स्थित ट्यूलिप टावर (ब्रहमपुरा पूर्वी) स्टेडियम रोड बरेली द्वारा बैनामा दिनांक 28.06.2014 जोकि उपनिबंधक कार्यालय द्वितीय बरेली मे बही नंबर प्रथम , जिल्द नंबर 7185, प्रष्ठ नंबर 365-418 पर क्रमांक 9084 रजिस्ट्रीकृत किया गया से क्रय किया है।श्री जीतेश भसीन के साथ शादी करने से पूर्व श्री मती टीना भसीन को अवनी सूरी पुत्री श्री राजकुमार सूरी के नाम से जाना जाता था विवाह उपरांत अवनी सूरी, श्रीमती अवनी भसीन पत्नी श्री जीतेश भसीन हो गई और उनकी सास और ससुर ने उन्हे "टीना भसीन" उपनाम दिया तथा उनके रिश्तेदारों व मित्रो ने उन्हे "टीना भसीन" कहकर बुलाना प्रारम्भ कर दिया और वह अपने परिवार व मित्रो के बीच "टीन" नाम से प्रचलित हो गई। "टीना" उनका उर्फ नाम हो गया। इसी कारण इन्होने अपना मतदाता पहचान पत्र व पैन कार्ड श्रीमती टीना भसीन पत्नी श्री जीतेश भसीन के नाम से जारी कराया था और उपरोक्त वर्णित संपत्ति वास्तविक नाम श्रीमती अवनी भसीन के स्थान पर प्रचलित नाम श्रीमती टीना भसीन के नाम से खरीदी थी। तत्पश्चात श्रीमती टीना भसीन ने अपने पैनकार्ड मे परिवर्तन कराकर अपना नाम श्रीमती अवनी भसीन करा लिया है अब इनके पास शादी का प्रमाणपत्र , आधार कार्ड , पासपोर्ट व पैन कार्ड श्रीमती अवनी भसीन के नाम से है और यह अपने परिवार व मित्रो के बीच अवनी भसीन उर्फ टीना भसीन के नाम से जानी व पहचानी जाती है ।श्री जीतेश भसीन और श्रीमती अवनी भसीन उर्फ श्रीमती टीना भसीन संयुक्त रूप से अपनी उपरोक्त वर्णित संपत्ति बैंक अश्वफ बड़ौदा शाखा मश्वडल टाउन बरेली उ.प्र. मे अपना उपरोक्त वर्णित मूल स्वामित्व बिलेख बैनामा जमाकर साम्यिक बंधक करने जा रहे है यदि किसी भी व्यक्ति किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर निम्न दिये मोबाइल नंबर पर सूचित कर अथवा निम्न दिये पतों पर व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है वाद गुजरने म्यांद बैंक प्रशनगत संपत्ति को साम्यिक बंधक के रूप मे स्वीकार कर लेगा और की गई आपत्ति शून्य व निष्प्रभावी होगी।

वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक
बैंक ऑफ बड़ौदा
शाखा मॉडल टाउन बरेली
मोबाइल 8477009195
देव प्रकाश आर्य (एडवोकेट)
नामित अधिवक्ता बैंक
चेम्बर न० 1 शराब गोदाम रोड
सिविल कोर्ट बंगलिया बरेली
मोबाइल - 9412193112

# शूटर के वायरल वीडियो की डीआईजी जेल ने बैठाई जांच

बरेली कार्यालय

- सेंट्रल जेल में बबलू श्रीवास्तव समेत कई जघन्य अपराधी हैं बंद
- जेल की सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल जिम्मेदारी से बच रहे जेल अफसर

**अमृत विचार :** बरेली सेंट्रल जेल में डॉन बबलू श्रीवास्तव समेत कई जघन्य अपराधी बंद होने के बाद भी अंदर मोबाइल पहुंचना और हत्याकांड के आरोपी शूटर का वीडियो वायरल होना सुरक्षा में बड़ी चूक है। हालांकि मामले में जेल डीआईजी कुंतल किशोर ने जांच बैठा दी है। जांच पूरी होने के बाद डीजी जेल को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

बता दें कि सेंट्रल जेल में बंद शूटर आसिफ खान ने इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद कहा कि वह स्वर्ग में है तो दुश्मनों से लेकर पुलिस अधिकारियों की नींद उड़ गई। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी सिटी ने टीम के साथ जेल में छापा मारा था पर आसिफ के पास मोबाइल नहीं मिला था। पुलिस वीडियो को जेल का तो जेल प्रशासन शाहजहांपुर में पेशी के दौरान का बता रही है। वर्ष 2019 में शाहजहांपुर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के ठेकेदार राकेश यादव की हत्या कर दी गई थी। हत्या कराने के लिए भाड़े के शूटर बुलाए गए थे। इनमें मेरठ का आसिफ खान भी शामिल था। आसिफ इन दिनों बरेली सेंट्रल जेल में बंद है। अब आसिफ का इंस्टाग्राम पर लाइव चैट करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। शाहजहांपुर के अफसरों से मिली जानकारी के बाद एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी राहुल भाटी सेंट्रल जेल पहुंचे और आसिफ और आसपास की बैरक चेक कीं।

# रुहेलखंड विवि की वार्षिक परीक्षा 90 केंद्रों पर होगी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024 की वार्षिक परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। परीक्षा 90 केंद्रों पर होगी। बरेली में 17 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें बरेली कॉलेज में नौ कॉलेजों और स्वकेंद्र होगा। स्नातक की परीक्षा 19 मार्च, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की 1 और परास्नातक की 1 अप्रैल से शुरू हो रही है। परीक्षा में करीब 70 हजार छात्र शामिल होंगे, इनमें 64 हजार छात्रों ने प्राइवेट फार्म भरे हैं। बरेली कॉलेज में 25 हजार से अधिक छात्रों का केंद्र बनाया गया है, जिसमें बरेली कॉलेज से भी फार्म भरने वाले 24 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं हैं। इसके अलावा पीलीभीत में छह, बदायूं में 10, रामपुर में आठ, शाहजहांपुर में 11, मुरादाबाद में नौ, संभल में आठ, बिजनौर में 16, अमरोहा में पांच केंद्र बनाए गए हैं।

# फाइल ट्रांसफर कराने को शाहरूख की दूसरी अर्जी

विधि संवाददाता, बरेली

- वर्ष 2010 में हुए दंगे का आरोपी है शाहरुख खान

**अमृत विचार :** वर्ष 2010 दंगे की फाइल दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर कराने के लिए जिला जज विनोद कुमार की अदालत में गुरुवार को थाना प्रेमनगर के कोहाड़ापीर निवासी आरोपी शाहरूख खान ने दूसरी अर्जी दी। वहीं बुधवार को कोहाड़ापीर फैयाज बिल्डिंग निवासी इजहार की ओर से दी गई अर्जी तकनीकी कमी की वजह से वापस ले ली गई।

आरोपी के अधिवक्ता काशिफ रजा ने अर्जी देकर कहा कि इस मामले में अभियोजन की ओर से अब तक 13 गवाह पेश किये जा चुके हैं। स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम रवि कुमार दिवाकर की ओर से समुदाय विशेष पर अभद्र टिप्पणी की जाती है जिससे प्रतीत होता है कि उनकी सोच समुदाय विशेष के लिए ठीक नहीं है। प्रार्थी भी उसी समुदाय से है, जिससे उसे लगता है कि इस न्यायालय से इंसाफ नहीं मिल पाएगा। आरोप लगाया कि न्यायालय समुदाय विशेष के खिलाफ अनुचित टीका टिप्पणी करता है। खुले न्यायालय में अनुचित भाषा शैली के इस्तेमाल से मानसिक आघात हुआ है। सरकार बनाम शहजादे आदि पत्रावली जिला जज या फिर किसी और कोर्ट में ट्रांसफर की जाए। जिला जज विनोद कुमार ने संबंधित कोर्ट से कमेंट मांग सुनवाई को 16 मार्च की तिथि नियत की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुरसा पट्टी, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत तुरसा पट्टी में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | प्रा.वि. के सामने से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 3.98 लाख |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.03.2024 से 16.03.2024 दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दोपहर 2 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-श्रीमती जायदा बेगम** **सचिव-राजन बाबू**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जवेदा जवेदी, विकास खंड भदपुरा, नवाबगंज, जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जवेदा जवेदी की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.03.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ईश्वरी प्रसाद सागर के घर से राजू की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | ल. 100 मी. | 3,78,418/- |

**ग्राम प्रधान-गंगाराम** **सचिव-उमेश चन्द्र**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनकरी, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत मनकरी में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | नोनीराम के घर से वीरेन्द्र शंखधार के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,40,000/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.03.2024 से 16.03.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-अनीता देवी** **सचिव-मोरपाल गंगवार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मैकपुर कलां, वि.खं. भुता, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत मैकपुर कलां में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सुन्दर लाल के घर से माखन लाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 82x3 मी. | 2,27,803/- |
| 2. | मन्दिर से लालता प्रसाद के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 40x3 मी. | 1,98,811/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.03.2024 से 21.03.2024 दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दोपहर 2 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-संतोष कुमार** **सचिव-मुकेश कुमार**

# टीम को नहीं मिला, किशोर पर झपटा बाघ

पीलीभीत कार्यालय



अस्पताल में भर्ती घायल अमर सिंह।

- मौके पर मौजूद मजदूरों ने शोर मचाकर बचाई किशोर की जान, चाचा के साथ घास काटने गया था

> पंडरी गांव में किशोर पर बाघ हमले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जायजा लिया गया है। ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनसे सतर्क रहने की अपील की गई है। बाघ को हाथियों की मदद से जंगल की ओर ले जाने का प्रयास किया गया जाएगा। इसमें सफलता नहीं मिली तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी। - **विजय कुमार**, फील्ड डायरेक्टर, पीटीआर

**अमृत विचार :** करीब एक महीने पहले पंडरी गांव में बाघ के हमले में युवक की मौत के बाद से वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही थी। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया था। निगरानी टीम तो बाघ को नहीं पकड़ पाई, लेकिन बृहस्पतिवार को बाघ ने हमला करके किशोर को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गनीमत रही कि घटना के समय अन्य ग्रामीण मौके पर मौजूद थे, जिनके शोर मचाने पर बाघ किशोर को छोड़कर भाग गया। इससे उसकी जान बच गई। गंभीर रूप से घायल किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर एसडीएम सदर समेत पीटीआर एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी में पिछले करीब दो माह से बाघों की चहलकदमी देखी जा रही है। बृहस्पतिवार सुबह यहां के ध्यान सिंह अन्य मजदूरों के साथ गन्ना छिलाई करने गया था। ध्यान सिंह के साथ उनका 16 वर्षीय भतीजा भी गया था, जो घास काट रहा था। तभी गन्ने की फसल के बीच से निकले बाघ ने अमर सिंह पर पीछे से हमला कर दिया। उस पर बाघ को हमला करते देख घबराए मजदूर हिम्मत करके शोर मचाने लगे। इससे बाघ अमर सिंह को छोड़कर गन्ने की फसल के अंदर चला गया। बाघर के हमले में किशोर के सिर, गर्दन व शरीर के अन्य स्थानों पर घाव पाए गए। लहूलुहान हालत में अमर सिंह को बाइक पर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसाक इलाज चल रहा है।

किशोर पर बाघ के हमले की घटना का पता लगने पर एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी दिलीप तिवारी, महोफ रेंजर सहेंद्र यादव, सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार, डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से पूछताछ के बाद मौका मुआयना किया।

ग्रामीणों का कहना है कि बाघ गन्ने के खेत में ही मौजूद है। गांव से घटनास्थल की दूरी करीब 500 मीटर होगी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वन कर्मियों ने गन्ने के खेत के चारों ओर खाबड़ (जाल) लगाया है, जिससे बाघ गांव की ओर न जा सके। निगरानी टीमों को बाघ की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, सामाजिक वानिकी के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, डब्ल्यूटीआई की प्रांजली भुजबल ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल किशोर को देखा और डॉक्टरों से इलाज के संबंध में जानकारी ली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत केरा, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

मनरेगा एवं ग्राम निधि की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्येदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने हैं :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | धरोहर राशि | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामकुश के घर से रक्षपाल सिंह के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3,99,170/- | 39,917/- | मनरेगा/ राज्य वित्त |

उक्त कार्य ग्रा.पं. की निगरानी में कराया जायेगा। पंजीकृत फर्म को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर कराये जाने हेतु दिनांक 15.03.2024 से 16.03.2024 को दोपहर 12 बजे तक निविदा आमंत्रित की जायेगी तथा 16.03.2024 को अपरान्ह 1 बजे कार्यालय में ग्राम प्रधान और जन प्रतिनिधियों के सामने निविदा खोली जायेगी।

**ग्राम प्रधान-सुनील कुमार** **सचिव-अक्षय गुप्ता**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जिया नगला, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा एवं ग्राम निधि की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्येदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने हैं, जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति की जानी है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | धरोहर राशि | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीराम के घर से पंचायत घर के पीछे तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2,75,899/- | 27,589/- | मनरेगा/ राज्य वित्त |

उक्त कार्य ग्रा.पं. की निगरानी में कराया जायेगा। पंजीकृत फर्म को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर कराये जाने हेतु दिनांक 15.03.2024 से 16.03.2024 को दोपहर 12 बजे तक निविदा आमंत्रित की जायेगी तथा 16.03.2024 को अपरान्ह 1 बजे कार्यालय में ग्राम प्रधान और जन प्रतिनिधियों के सामने निविदा खोली जायेगी।

**ग्राम प्रधान-महेश पाल** **सचिव-राजन बाबू**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर पूर्वी, वि.खं. शेरगढ़ (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत मानपुर पूर्वी में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मनोज सिंह के घर से सत्यपाल के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 2,50,000/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.03.2024 से 16.03.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दिनांक 16.03.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-रूपाली सिंह** **सचिव-प्यारे लाल**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)**

पत्रांक : 4876(6)/XXIII-2023-24 दिनांक : 11.03.2024

**नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सार्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सहसवान के वर्ष 2024-25 के वाहन स्टैण्ड व सब्जी मण्डी/चट्टा किराया, ठेके की नीलामी दिनांक 07.03.2024 व 11.03.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान के प्रांगण में की जानी थी किन्तु उक्त तिथि में दो ही बोलीदाता द्वारा प्रतिभाग किये जाने एवं बोली की धनराशि सन्तोषजनक न आने के कारण नीलामी प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। अत: नीलामी पुन: दिनांक 16.03.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पूर्व निर्धारित स्थान पर की जायेगी। शेष नियम व शर्तें पूर्व की भांति यथावत् रहेंगी।

**नीलामी हेतु ठेका**

1. ठेका पढ़ाव/वाहन पार्किंग निकट मण्डी समिति, अकबराबाद - 2024-25
2. ठेका सब्जीमण्डी/चट्टा किराया, बाजार, बिल्सनगंज - 2024-25

**अधिशासी अधिकारी न.पा.परि., सहसवान** **अध्यक्ष न.पा.परि., सहसवान** **उपजिलाधिकारी न.पा.परि., सहसवान**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बरपुर, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अम्बरपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.03.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सुरेन्द्र की जगह से दीनानाथ की जगह तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 100 मी. | 3,70,000/- |

**नन्ही देवी** प्रधान मो. 9720866562 — **काशीराम** रोजगार सेवक मो. 6398616349 — **उमेश गंगवार** सचिव मो. 9720934317

# गर्म पानी भरी बाल्टी में गिरा बालक, अस्पताल में मौत

संवाददाता, बिल्सी

- बिल्सी के वार्ड 16 में बुधवार की घटना, गुरुवार को इलाज के दौरान बरेली में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** बिल्सी कस्बा के मोहल्ला छह के वार्ड 16 निवासी पांच वर्षीय बालक बाल्टी में भरे गर्म पानी में गिर गया था। वह बुरी तरह से झुलस गया। बरेली के निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

वार्ड 16 निवासी हरीश चंद्र शाक्य इलेक्ट्रीशियन हैं। बुधवार को उनकी पत्नी पुष्पा देवी ने अपने बेटे रितिक शाक्य को नहलाने के लिए बाल्टी में पानी गर्म किया था। इसी दौरान रितिक दौड़कर वहां आ गया। अचानक गर्म पानी भरी बाल्टी में गिर गया। पानी ज्यादा गर्म होने की वजह से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए नगर के निजी चिकित्सक से दिखाया। जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। परिवार के लोग उसे लेकर बरेली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को चिकित्सक ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से कोहराम मच गया।

# गुटखा थूकने पर स्कूटी से उतार कर की पिटाई

**बरेली, अमृत विचार :** सर्किट हाउस चौराहे पर बृहस्पतिवार को स्कूटी सवार युवक ने गुटखा थूक दिया, जिससे छींटे बाइक सवार अधिवक्ता पर गिर गईं। इससे गुस्साये अधिवक्ता ने दोनों युवकों की स्कूटी के आगे अपनी बाइक लगा ली और दोनों युवकों को स्कूटी से उतार लिया। इसके बाद गुटखा थूकने वाले की पिटाई कर दी। इससे वहां भीड़ जुट गई। दोनों युवक जगतपुर के रहने वाले थे और किसी काम से स्टेशन रोड से सर्किट हाउस की तरफ जा रहे थे।

**कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली।**

संख्या-3936/ दिनांक : मार्च 12, 2024

**विज्ञप्ति**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बरेली के लैंडलाइन टेलीफोन नम्बर (0581) 2421561 तथा मो.नं. 9454465646, 9454465600 एवं निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर तत्काल सूचना दें :-

1. 9454466468 सदर तहसील की सूचना हेतु
2. 9454466469 सदर तहसील की सूचना हेतु
3. 9454466470 सदर (कैण्ट) तहसील की सूचना हेतु
4. 9454466471 आंवला तहसील की सूचना हेतु
5. 9454466737 फरीदपुर तहसील की सूचना हेतु
6. 9454466472 बहेड़ी तहसील की सूचना हेतु
7. 9454466740 नबावगंज तहसील की सूचना हेतु
8. 9454466473 मीरगंज तहसील की सूचना हेतु

प्राप्त सूचना पर ठोस कार्यवाही की जायेगी तथा सूचना देने वाले का नाम/पता गोपनीय रखा जायेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी, बरेली** **जिलाधिकारी, बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा, विकास खंड आलमपुर जाफराबाद, जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेड़ा की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.03.2024 से 17.03.2024 को अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 17.03.2024 को सायं 3 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी ।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | खेड़ा में रविन्द्र के घर से शमशान भूमि रोड तक सी.सी. निर्माण कार्य | 3,03,226/- |

**श्रीमती कुसुम राजपूत** प्रधान — **दुर्गा प्रसाद** रोजगार सेवक — **तुषार राज** सचिव

## चुनाव कमाल का...

- पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं लेकिन संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था, वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे मात्र नेता हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और दिल्ली राज्यों से लोकसभा के चुनाव में कामयाबी हासिल की
- काका जोगेन्दर सिंह जो धरती पकड़ के नाम से भी मशहूर थे 25 बार चुनाव हारे। धरती पकड़ वी.पी. सिंह और राजीव गांधी जैसे बड़े-बड़े नेताओं के खिलाफ भी उम्मीदवार रहे जिनके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाते थे ताकि कहीं उनकी मौत की वजह से चुनाव रद्द न कर दिया जाए।

## चुनावी तीर



कांग्रेस 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। लेकिन मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



नरेंद्र मोदी सरकार ने काफी शोर-शराबे के साथ महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू करने के लिए सर्वे करने की बात की, इसमें 10 साल लगेंगे, हमारी सरकार आती हैं तो बिना सर्वे के महिलाओं को आरक्षण देंगे

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

# आंदोलन के बाद मंदिर निर्माण सियासी कसौटी पर

- चुनाव दर चुनाव नए समीकरण गढ़ती रही अयोध्या, मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस

**13** माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई भाजपा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** मंदिर आंदोलन के बाद अब श्रीराम मंदिर का निर्माण सियासत की कसौटी पर है। चुनाव-दर-चुनाव अयोध्या नए सियासी समीकरण गढ़ती रही है। चुनाव की मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस हो गया। एक बार फिर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विकास संग अयोध्या चुनावी सियासत के केंद्र में घूम रही है।

यूं तो राम मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। अयोध्या सदियों से आस्था का केंद्र रही है, लेकिन चार दशक से यह सियासत के भी केंद्र में है। 40 साल बाद भी अयोध्या की सियासी चमक वैसी है। दलों को लुभाती है। बदला है तो केवल परिदृश्य। राजनीतिक दलों ने अयोध्या के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस रही हो या भाजपा। सपा या बसपा। श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से सन् 1984 में शुरू हुआ। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या हुई। चुनाव में कांग्रेस ने 404 सीटों से बढ़त पाई। नए दल के रूप में दो सीटों से भाजपा ने खाता खोला। आंदोलन के समर्थन से भाजपा ने जो सियासी पारी शुरू की वह अब तक बरकरार है। जैसे-जैसे आंदोलन चढ़ा, दूसरे मुद्दे भी आए, लेकिन अयोध्या का प्रभाव कायम रहा। इतिहास पर गौर करें तो कई ऐसे अवसर आए जब अयोध्या को पर्दे के पीछे करने की कोशिश हुई लेकिन ऐसा हो नही पाया। 1989 से अब तक का परिदृश्य इसी ओर इशारा करता है। 1989 में मंडल और मंदिर एक साथ नारा बने, 1990 में ढांचा विध्वंस हुआ। धर्म निरपेक्षता पर बहस हुई, लेकिन सियासत की तासीर में अयोध्या बनी रही। हां इतना जरूर है कि चुनाव-दर-चुनाव आंकड़ों की तस्वीर बदलती रही। नब्बे के दशक में अयोध्या और राम मंदिर अवाम के बीच राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के बीच अयोध्या के साथ भाजपा फर्श से अर्स की ओर बढ़ती रही तो कांग्रेस का पराभव का दौर शुरू हो गया। 13 माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में भाजपा सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई। 1999 से 2004 तक सत्ता में रही। इसके पीछे राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या ही रही। सन 1984 में 404 सीटों पर रहने वाली कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में 52 पर सिमट गई। दो के आंकड़े से बढ़ने वाली भाजपा 2019 में 303 तक पहुंच गई।

नौ नंवबर 2019 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर फैसला आया। चमक बढ़ गई। कोरोना के दौर में पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन हुआ। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ सियासत गरमाने लगी। निर्माण के श्रेय को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। सियासतदानों का एक धड़ा इसे मुद्दा बनने से रोकने में लगा रहा तो दूसरा धड़ा अप्रत्यक्ष सियासत के केंद्र में रखने में लगा रहा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के जरिए पूरे देश को आंदोलन की तर्ज पर राम मय बनाने की कोशिश शुरू हुई।

### अरसे से सियासत में शामिल अयोध्या

22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। यह बड़ा संकेत रहा। पर्दे के पीछे की सियसात का खेल शुरू हुआ। राम दर्शन के जरिए प्रदेशों की भाजपा सरकारें राम लला के चरणों में नतमस्तक हुई। पूरे देश के लोगों को यात्रा के जरिए इसे परवान चढ़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेताओं को उभारकर घेरने की रणनीति चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या और यात्रा के जरिए सियासी युद्ध चरम की ओर है। चुनावी चंदा और छापों की धमक है। चुनाव की घोषणा होने वाली है। आंदोलन से निकलकर धार्मिक पर्यटन की नगरी अयोध्या और राम मंदिर फिर सियासत के बीच कसौटी पर है। इसके सियासी लाभ हानि का आंकलन किया जा रहा है। पक्ष और विपक्ष इसे साधने के साथ मुकाबले की राह पर चल पड़े हैं।







**22** जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना रहा बड़ा संकेत

**1984** में श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से आरंभ हुआ और भाजपा ने जो पारी शुरू की वह अब तक है बरकरार

## ईवीएम आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग नहीं दे रहा है समय : दिग्विजय

नई दिल्ली, ब्यूरो



**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि चुनावों में ईवीएम मशीनों द्वारा हेरा फेरी का आरोप लगाने वाले आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग 7 माह से बातचीत का समय नहीं दे रहा है।

ईवीएम मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा है कि अब ईवीएम के खिलाफ देश के कोने कोने में आवाज उठ रही है। इंडिया गठबंधन की ओर से इस मामले में करीब सात महीने से चुनाव आयोग से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई उत्तर अब तक नहीं मिला। पूरे देश में जन आंदोलन की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का बनाना आवश्यक हो गया है, जिसे 'ईवीएम मुक्त भारत अभियान' के नाम से जाना जाएगा। सिंह ने कहा कि ईवीएम मुक्त भारत अभियान में राजनैतिक, सामाजिक, नागरिक सहित विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व है और यह गैर राजनैतिक होगा। चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा नहीं। जब तक पेपर बैलेट से चुनाव होता था, तब काफी हद तक चुनाव आयोग के नियंत्रण में प्रक्रिया हुआ करती थी। ईवीएम के प्रवेश से भारत सरकार की तमाम एजेन्सी जैसे भारत एलेक्ट्रॉनिक्कस लिमिटेड, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और निजी क्षेत्र से टेक्निकल लोग शामिल हो गए हैं, ऐसे में तो निष्पक्षता का होना लगभग असंभव है। एक आम दलील यह दी जाती है की बैलेट पेपर से चुनाव कराना खर्चीली प्रक्रिया है, जो एक बहुत बड़ा भ्रम है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने में 2 सप्ताह की तैयारी चाहिए। अगर यह नहीं संभव है तो वीवीपैट की पर्ची वोटर के हाथ में दी जाए और वह एक डिब्बे के अंदर स्वयं डाल दे।

सिंह ने बताया कि उक्त आंदोलन के लिए गठित समिति में मेरे अलावा दीपक बाबरिया, उदित राज, एमजे देवाशहायम (सिटीजन इलेक्शन कमीशन), वामन मेश्राम (बामसेफ), कामरेड दीपांकर भट्टाचार्या (सीपीआईएमएल), गुरनाम सिंह चढ़ूनी (किसान नेता), स्मिता कमले (इंडिया अगेन्सट ईवीएम), एडवोकेट महमूद प्राचा, राजेन्द्र पाल गौतम (एमएलए), अशोक शर्मा (पूर्व राजदूत), गौतम लहरी (प्रेसीडेंट, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया) को नामित किया गया है।



## अमीरों को कर्ज माफी किसानों को नहीं : राहुल

**नासिक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा। ऐसी नीतियां लाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। किसानों को जीएसटी से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। मेरी और हमारी सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और आत्महत्या करते हैं।

## यूपी में बसपा के बगैर कैसे भाजपा को रोकेगा 'इंडिया'

● धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्या बसपा के बिना 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा को रोक पाएंगे। यह सवाल इनदिनों चट्टी-चौराहों पर आम मतदाओं से लेकर राजनीतिक पंडितों के बीच चर्चा में शामिल है। भाजपा के मिशन-80 को आधे से भी कम पर समेटने का दावा करने वाले विपक्ष के समीकरणों का गणित भी यहीं पर आकर अकट जा रहा है।

नरेंद्र मोदी को नेतृत्व देने से पहले भाजपा की हैसियत डांवाडोल थी। 13 दिन की सरकार समेत तीन बार सत्ता में आने पर भाजपा सरकार एक बार भी पांच साल का कार्यकाल पूरा न कर सकी। प्रदेश में 1984 में दो सीटों से बढ़ते हुए अधिकतम सीटें जीतने का आंकड़ा 2004 में 186 था। फिर भी सरकार कांग्रेस की बनीं और यह सिलसिला 2009 के चुनाव में भी कायम रहा, तब भाजपा गठबंधन ने 116 सीटें जीती थी। उत्तर-प्रदेश में हाल यह था कि कांग्रेस और भाजपा के हाथ से वोटों की गणित तेजी से फिसलती हुई सपा और बसपा जैसे क्षेत्रीय दलों की झोली में आ गई थी। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक ने ऐसा कमाल दिखाया कि सपा और बसपा के सामने भी अस्तित्व बचाने का संकट शुरू हो गया, जबकि कांग्रेस हासिये पर चली गई।

### गठबंधन में कांग्रेस का फायदा

सपा से गठबंधन में फायदा कांग्रेस को ही ज्यादा होगा। मुसलमान वोट बंटेगा नहीं और यादव वोट कम वोट से हारने वाली सीटों पर बहुतम दे सकता है। ऐसे में आंकड़ों को गौर से देखें तो कांग्रेस के पास रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, कानपुर, अमरोहा जैसी पांच सीटें ऐसी होंगी जहां से उनकी जीत संभव हो सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली में चार सीटें सपा की हैं। जब एक भाजपा की है। उसी तरह अमेठी में तीन सीट भाजपा की है तो दो सीट सपा ने जीती है। इसी तरह कई सीटों पर सपा के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हो सकता है। वैसे 2014 और 2019 में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत सकी थी। इस बार भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। उप्र में वैसे ही राम मंदिर की लहर चल रही है। इस आंधी में अगर सपा का सहारा पाकर कांग्रेस पांच सीटें जीतती है तो बड़ी उपलब्धि होगी। कांग्रेस के साथ से सपा को बस एकमात्र यही फायदा हो सकता है कि बसपा को मुसलमान वोटकटवा मान लें और सपा को शतप्रतिशत वोट मिले। तब मुस्लिम बाहुल्य सीटों भाजपा को जीतना चुनौती होगी।

### 'बुआ-बबुआ' की जोड़ी ऐसी टूटी कि जोड़ना मुश्किल

राज्य की कुर्सी भी 2017 में भाजपा के हाथ चली गई, तो सपा और बसपा ने अपनी कट्टर दुश्मनी को भुलाकर 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाया। मगर, यह 'बुआ-बबुआ' के नाम पर चर्चित हुई जोड़ी भी चुनाव में मोदी की आंधी को रोकने में बेअसर रही। बाद में ऐसी टूटी कि वह दर्द इस बार बसपा को इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने दे रहा है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस नेताओं की कोशिश थी कि बसपा प्राथमिकता देते हुए सपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल किया जाए। अब सपा-कांग्रेस कैसे बसपा के बगैर मोदी को प्रदेश में रोकेंगे, यह सवाल बना हुआ है।



### विधानसभा चुनाव में 'दो युवराज' की जोड़ी फेल

ऐसे में राज्य की कुर्सी के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस से समझौता किया, तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को नाम दिया गया 'दो युवराज' यानि एक सोनिया गांधी की कांग्रेस परिवार से तो दूसरे मुलायम सिंह यादव के सपा परिवार से उत्तराधिकारी। लेकिन समझौते में 105 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 312 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर रिकार्ड 325 सीटें जीती। योगी आदित्यनाथ की तोजपोशी के बाद दिनोंदिन बदलते नए उत्तर-प्रदेश की तस्वीर ने 2022 में ऐसी हालत पतली कर दी कि भाजपा गठबंधन 273 सीटों पर जीत गया, जबकि सपा ने भाजपा से तोड़कर कुछ सहयोगी दलों के सहारे 125 सीटें जीती, लेकिन चार बार सत्ता संभालने वाली बसपा मात्र एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है, जबकि कांग्रेस के मात्र दो विधायक जीते।


**भाजपा सांसद वरुण और मेनका के कारण हाईप्रोफाइल है पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट**

# भाजपा के टिकट का इंतजार, विपक्ष को मजबूत दावेदार की तलाश

- साढ़े तीन दशक में हुए नौ चुनाव में छह बार मेनका तो दो बार वरुण गांधी बने सांसद
- वरुण के पार्टी विरोधी रवैये के चलते इस बार किसी अन्य को टिकट के लगाये जा रहे कयास

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेनका गांधी और वरुण गांधी के कारण पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय सीट हाईप्रोफाइल है। पिछले करीब 35 साल से इन्हीं दोनों पर पीलीभीत के लोगों ने भरोसा जताया लेकिन इस बार वरुण गांधी के लगातार पार्टी विरोधी रवैये के चलते टिकट बदलने के कयास लगाये जा रहे हैं। वरुण के विरोध में पार्टी में ही एक धड़ा सक्रिय है। इसी कारण अभी तक भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बदलाव की उम्मीद में स्थानीय और दूसरे जनपदों के कई भाजपा नेता पीलीभीत-बहेड़ी सीट के लिए दावेदारी कर चुके हैं। भाजपा से टिकट की घोषणा न होने के चलते सपा भी चुप्पी साधे है। बसपा ने अनीस अहमद फूल बाबू पर ही फिर भरोसा जताया है।





लोकसभा चुनाव 2024 का अधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन पिछले छह माह से सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पिछले करीब साढ़े तीन दशक से गांधी परिवार (मेनका गांधी/वरुण गांधी) का कब्जा रहा है। 1989 से लेकर 2019 तक इस सीट पर नौ बार चुनाव हुए। इनमें छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद रहे। वर्तमान में वरुण गांधी सांसद हैं। पिछले करीब दो साल से वरुण के तेवर अपनी ही सरकार के विरोध में हैं। कई मौकों पर वह सरकार की तीखी आलोचना कर चुके हैं। कुछ महीनों से तो उन्होंने करीब-करीब हर जनसभा में सरकार की योजनाओं के विरोध को लक्ष्य बना लिया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी, निकाय चुनाव के दौरान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत समेत कई लोग दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

हर कोई अपने स्तर से खुद को हाईकमान की कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश में है। कुछ लोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद की दावेदारी मजबूत मान रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम की चर्चा भी चर्चा हो रही है। कुछ लोग अभी भी वरुण या मेनका को टिकट मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।



### भाजपा की स्थिति मजबूत

पिछले करीब एक दशक में भाजपा खुद को खासा मजबूत कर चुकी है। कांग्रेस की हालत पहले से ठीक नहीं रही। बसपा के हाथी की चाल भी 2012 के बाद से तराई में सुस्त है। विपक्षी दल के नाम पर समाजवादी पार्टी कुछ मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी में कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से सपा से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का नाम जोर शोर से चल रहा है। मगर भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद ही सपा अपने पत्ते खोलने के मूड में है। तभी लोकसभा चुनाव की सियासत तराई में जोर पकड़ेगी। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, तो टिकट न मिलने से नाराज होकर भितरघात होना भी चुनाव में आम है।

### बसपा का भरोसा फिर फूलबाबू पर

10 मार्च को बीसलपुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बसपा प्रभारी राजकुमार गौतम ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। हालांकि यह कोई हैरान करने वाली घोषणा नहीं मानी गई। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए बसपा से फूलबाबू का टिकट पक्का माना जा रहा था। वह पहले भी तीन बार (1999, 2004,2014) बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार के चुनाव में वह दूसरे व अन्य दोनों चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। उनके नाम की घोषणा के साथ बसपा दलित-मुस्लिम वोटरों को साधकर तराई में खो चुकी सियासी जमीं को पाने का प्रयास कर रही है।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 7,04,549 | 59.38 |
| सपा | हेमराज वर्मा | 4,48,922 | 37.83 |
| जीत | | 2,55,627 वोट | |
| **2014 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 5,46,934 | 52.06 |
| सपा | बुद्धसेन वर्मा | 2,39,882 | 22.83 |
| जीत | | 3,07,052 वोट | |
| **2009 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,19,539 | 50.09 |
| कांग्रेस | वीएम सिंह | 1,38,038 | 16.48 |
| जीत | | 2,81,501 वोट | |
| **2004 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 2,55,615 | 37.75 |
| सपा | सत्यपाल गंगवार | 1,52,895 | 22.58 |
| जीत | | 1,02,720 वोट | |
| **1999 का परिणाम** | | | |
| स्वतंत्र | मेनका गांधी | 4,33,421 | 57.94 |
| बसपा | अनीस अहमद खान | 1,93,566 | |
| जीत | | 2,39,855 वोट | |

## शिवपाल बोले- सपा से रूठे लोगों को घर जाकर मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- भाजपा ने नहीं पूरे किए वादे, सभी 80 सीटों पर मिलेगी हार
- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे शिवपाल यादव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर चल रहा संशय गुरुवार को समाप्त हो गया। शिवपाल सिंह यादव की जिले में आमद हुई। कहा कि इंडिया गठबंधन की वजह से भाजपा अभी तक प्रत्याशी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने कहा, सपा से दूर हुए लोगों का मनमुटाव दूर करने के लिए उनके घर जाएंगे। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए इसलिए सभी 80 सीटों पर हार मिलेगी।

गुरुवार को वह तीन दिवसीय दौरे पर बदायूं आए। उझानी के एक मैरिज लॉन में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से भाजपा सभी 80 सीटें हारेगी। भाजपा बदायूं से प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर सकी है। भाजपा सत्ता के घमंड में है। वह बोले कि बदायूं सपा का गढ़ रहा है। नेता जी मुलायम सिंह यादव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद हुए। अब हम भी बदायूं आए हैं। सलीम इकबाल शेरवानी और आबिद रजा की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि जो भी रूठा है उन सभी को मना लेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके घर भी जाएंगे। अयोध्या जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर बन गया है। भगवान जब बुलाएंगे अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाजपा बताए कि जिले में उन्होंने कितना विकास कराया है। भाजपा के सभी वादे खोखले हैं। प्रेस वार्ता के दौरान बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य आदि भी मौजूद रहे।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।


## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार

संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है। लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया। यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन कर उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# शोधकार्य में भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे।

शोध चिंतन नए ज्ञान के सृजन से पहले का एक फलसफा होता है। विषय से संबद्ध टॉपिक के बारे में चिंतन की प्रक्रिया का एक क्रमिक इतिहास भी होता है। भारत में शोध चिंतन और पद्धतियों के बारे में ज्ञान मौजूद रहा, लेकिन 'एक्सपेरिमेंटल फ्लेवर' गायब हो गया जिसके लिए राज्याश्रय और सहयोगियों की जरूरत रहती है।

देश में शोध के लिए क्षेत्रीय चिंतकों का अभाव हुआ तो मौलिक चिंतन की अधिकांश धाराएं सूखती रहीं और ब्रिटिश आधिपत्य का असर सन् 1763 के बाद से हम पर बढ़ने लगा। पीछे लौटने का कोई अवसर नहीं बचा। ब्रिटिश लोगों ने हमारे अधिकांश 'मटेरियल कल्चर' को बदल दिया जिसकी जड़ में थी। हमारी शिक्षा पद्धति और शैक्षिक टूल्स जैसे कि भाषा और व्याकरण, खगोलीय गणनाएं और गणित, केमिस्ट्री और एस्ट्रोनॉमी एवं आयुर्विज्ञान। अपने रंग में क्रमशः रेंज जाने के लिए ब्रिटिश लोगों ने देश में जिस तरह से यूरोपियन पद्धति में गवेषणा और अन्वेषण के लिए अनेक अर्द्ध और पूर्णतः वैज्ञानिक संस्थान स्थापित किए उनके कार्यकलापों के चलते आने वाले समय में परिवेशी भारतीय सांस्कृतिक चिंतन से जुड़ी हुई वैज्ञानिक पद्धति में बदलाव होने लगे। इससे भारतीय शोध चिंतन के दर्शन का भी ब्रिटिश पद्धति से 'इंस्टिट्यूशनलाइजेशन' होने हुआ।

ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद भारत में जिन अनेक वैज्ञानिक, तकनीकी, इंजीनियरिंग और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की झड़ी लगी तब इन्हें भी मजबूरन उसी लीक पर चलाया गया, ऐसा तो नहीं कहेंगे, परंतु इनका अधिकांश रंग-ढंग आधुनिक और यूरोपियन ही रहा। भारतीय वैज्ञानिक दर्शन से उपजने वाला चिंतन अब सिर्फ पृष्ठभूमि के रूप में एक कुलबुलाते हुए जीवाश्म के रूप में बचा है। पीछे लौट जाना नामुमकिन ही है, क्योंकि रास्ते में ऐसे पावरफुल फिजिकल बैरियर्स उठ खड़े हुए हैं, जिन्हें ध्वस्त करना बस की बात नहीं। शोध चिंतन की मुख्य धारा अब एक प्रकार से 'यूनिवर्सल' हो गई है जिसे न तो आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवादी चिंतन से मुकाबला करके हम बदल सकते हैं और न ही प्राचीन सभ्यताओं का शक्तिशाली माना जाने वाला वह जैविक सांस्कृतिक परिवेश (कल्चरल इकोलॉजी) जिस पर हरेक मातृदेश खासतौर से भारत नित गर्व करता है, इसके आवेग को रोक सकता है, उलटा प्रतिक्रिया स्वरुप इसे गौरवान्वित करते रहने के लिए नित नए आयोजन करता है।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते।

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे। शोध चिंतकों और विज्ञान की अनेक शाखाओं में पश्चिम के फलस्फाकारों की संख्या अत्यधिक है। विज्ञान से संबंधित अभिलेखागारों को देखें तो करोड़ों की संख्या में अपने प्रकाशनों के जरिए से इन्होंने इसे इतना ताकतवर बना दिया है कि अब सभी प्राचीन सभ्यताओं में स्वतंत्र चिंतन की गुंजाईश नहीं बची है। चाहे यह मिस्र देश हो, भारत या चीन हो या मेसोपोटामिया के अवशेषों को छिपाए हुए ईराक और ईरान।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते। कुछ रोज पहले महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में प्रोफेसर, कृपाशंकर चौबे ने इस बारे में एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख के जरिए से यह मुद्दा उठाया है कि हम विशुद्ध भारतीय दार्शनिक चिंतन से अपने शोधकार्यों की धारा क्यों नहीं मोड़ लेते? उन्होंने इसमें एक स्थान पर शोधकार्य के चिंतन में 'व्यावहारिक पक्ष' शब्दयुग्म का प्रयोग किया है। मेरा मानना है कि खालिस तौर से भारतीय शोध चिंतन की विरासत के बल पर हम दुनिया में कहीं और क्या हो रहा है उसका मुकाबला नहीं कर सकते। दुनिया में शोध चिंतन और इसका व्यवहार अत्यंत कम्पीटीटिव हो चुका है। शोध के नतीजे को साझा करने के लिए इंटरनेट के जरिए तीव्रता से इसके प्रसार, थ्योरेटिकल रूप से इसका उपयोग करने जैसे कि नैदानिकी और उपचार में और टेक्नोलॉजी कंवर्जन के जरिए से गैजेट्स में बदलने के लिए अब दशकों और सदियों का विलंब नहीं होता। कमर्शियल रूप से इसका फायदा ही नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजीकल बढ़त मिलने से राष्ट्र ताकतवर बनते हैं। जैसा कि मिलिट्री हार्डवेयर और विनाशक अस्त्र और संचार के साधनों के विकास और इनका कंट्रोल किस के हाथ में है, इससे प्रतीत होता है।

शोध चिंतन अब यूनिवर्सल कैरेक्टर अख्तियार कर चुका है और आपसी सहयोग या कोलैबोरेशन और कूटनैतिक आश्रय के बिना एक भी देश अकेला पावरफुल नहीं बना रह सकता। व्यक्ति में समाई हुई एकल शोध वृत्ति या एक ही व्यक्ति के चिंतन से चलने वाले शोध चिंतन की पारंपरिक भारतीय पद्धति से हम किस नाते सुपर-पॉवर बनने का स्वप्न देख सकते हैं? इसीलिए शोध चिंतन की अपनी विरासत की सीमा पर एक बार फिर से दृष्टि डालें तो मालूम होता है कि अंग्रेज या अन्य यूरोपियन कॉलोनियल पावर्स ने टेक्नोलॉजी के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व शोध चिंतन के उदय का पूरा फायदा उठाया और साहसिक कदम उठाए। यह माना जाता है कि चिंतन एक 'एबस्ट्रेक्ट' एंटिटी है और इसकी फॉर्म इनटेंजीबल। आधुनिक यूनिवर्सल पद्धति से शोध चिंतन में भारतीयता का पुट कैसे डाला जा सकता है और इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए यह तो वैज्ञानिक-दर्शन चिंतन से उपजे नतीजे, इसके इस्तेमाल से बनाए जाने वाले उत्पाद और टेक्निक्स और टेक्नोलॉजी के सामाजिक और आर्थिक तजुर्बों को महसूस करने वाले हमारे वरिष्ठ वैज्ञानिक ही बता सकते हैं। आचार्य चंद्रशेखर वेंकट रमण ने भारतीय वाद्ययंत्र वीणा के तारों को एक पद्धति और क्रम से अंगुलियों की ताकत लगाकर हिलाने से पैदा हुई झंकार (फ्रीक्वेंसी एंड रेजोनेंस) पर शोध करके यह बताया कि इसकी ध्वन्यात्मक प्रॉपर्टीज क्या और क्यों हैं? भारतीय तंत्रीवाद्यों में वीणा प्राचीनतम वाद्य यंत्र हैं और इसकी फॉर्म भी अनेक हैं, जैसे कि नारदीय वीणा। दूसरा उदाहरण है आचार्य जगदीश चन्द्र बसु द्वारा यह कहना कि वनस्पति में भी जीवन है, अहसास और भावनाएं होती हैं। यह बात तो हमारे प्राचीन मनीषी एक अरसे से कहते रहे थे, लेकिन इसका फिजिकल प्रूफ उस तरीके से वे प्रोड्यूस न कर पाए जैसा कि आचार्य बसु ने किया।

अब तो हालात ऐसे हैं कि आयुर्वेद के अंतर्गत काया-चिकित्सा, भेषजगुण विज्ञान, रसायन, शल्य और नैदानिकी में भी विशुद्ध तौर से भारतीय शोध-चिंतन आधुनिक पद्धतियों की तरफ झुक गया है, मजबूरी में नहीं, बल्कि जरूरत के लिए। आधुनिक आयुर्वेज्ञानिक चिंतन में 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन' नामक एक नई शाखा का उदय हुआ जिसमें मौलिक चिंतन यह है कि शरीर की जिन व्याधियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति (मॉडर्न सिस्टम ऑफ मेडिसिन) में नहीं है उनके इलाज के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों (यूनानी एवं तिब्बिया, आयुर्वेद एंड सिद्ध) को अपनाया जाना चाहिए। देश में शोध की एक नहीं अनेक ऐसी परियोजनाएं चालू हैं जिनमें भारतीय चिंतन और आधुनिक शोध एवं कार्यविधियों को आपस में समवेत किया गया है।

मसलन अयोध्या में बनाए गए रामलला मंदिर के निर्माण से पहले और निर्माण कार्य के दौरान मॉडर्न साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिन तकनीकों का इस्तेमाल सीएसआईआर की मार्फत किया गया। इनमें हैं इमारत की नींव और सुपर-स्ट्रक्चर की स्थिरता का रिक्टर स्केल पर अधिकतम आठ डिग्री तक की भूकंप सह्यता का मापन और देवमूर्ति को सूर्य तिलक देने के लिए ऑप्टो-मैकेनिकल डिवाइस की स्थापना। गंगा नदी के प्रवाह के मैदानी क्षेत्र लिए कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा अयोध्या क्षेत्र की भू-गर्भीय संरचना की जांच की गई और विश्वासपूर्वक कहा गया कि वर्तमान मंदिर 10000 वर्ष तक स्थिर रहेगा।

## प्रसंगवश

# वासांसि जीर्णानि यथा विहाय

राजनीतिक दलों में हाई कमान संस्कृति काफी प्रबल होती दिख रही है जिसकी शुरुआत कांग्रेस में इंदिरा गॉधी के कार्यकाल से हुई। हालांकि अब इसमें भाजपा सबसे आगे है जिसमें केंद्रस्थ मोदी-शाह युग्म ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। आंतरिक लोकतंत्र न के बराबर है। प्रदेशों के चुनाव भी मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं, जहां उनके मुख्यमंत्री बनने की कोई संभावना नहीं होती है। राज्यों के मुख्यमंत्री ऊपर से नामांकित होते हैं और निर्वाचित विधायकों को उसी नाम पर मोहर लगानी होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ मास पहले हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, जहां जननायक तो क्रमशः शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया तथा डा. रमनसिंह थे, किंतु उच्च कमान ने इन सबको किनारे लगाकर अपनी च्वाइस के मुख्यमंत्री बनाए। राजस्थान में वसुंधरा कुछ अड़ रही थीं तो केंद्र ने भारी भरकम नेता राजनाथ सिंह को यह टास्क सौंप दिया। उन्होंने बखूबी राजे को किनारे लगाने का कार्य संपन्न कर दिया, हालांकि चुनावी सभाओं में खुद वसुंधरा के मुख्यमंत्रित्व काल के कार्यों और उपलब्धियों की प्रशंसा करते थे। यही नहीं जो लगभग 20 विधायक वसुंधरा के समर्थक होकर तत्समय उनके पक्ष में मुखर थे, उन्हें अलग कमरे में बैठाकर आदेशित किया कि विधायक दल की नेता चयन बैठक में जो नाम प्रस्तावित किया जाएगा, उस पर 'आप लोग ताली बजाएंगे'। पश्चात् भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा से ही प्रस्तावित कराया गया, जिस पर निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ऊपर संदर्भित समर्थकों ने तालियां बजाईं। अब स्पष्ट है कि जन तंत्र में 'जन' के द्वारा चयनित प्रतिनिधियों का काम ताली बजाना ही रह गया है। इधर हरियाणा में साढ़े नौ साल से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत मनोहरलाल खट्टर को हटाकर हाई कमान ने नायब सैनी को बिठा दिया, जो पीएम मोदी के चहेते भले हों, किंतु शासन का कोई खास अनुभव नहीं रखते हैं। बहरहाल भाजपा आत्मा द्वारा शरीर बदलने की गीता वाली उपमा 'पुराने कपड़े त्यागकर नव परिधान ग्रहण करने को अब बहुशः प्रयुक्त कर रही है। (वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि) अब इससे सफलता कितनी मिलेगी, यह समय बताएगा।

# ओपनहाइमर फिल्म से मिला आलोचकों को जवाब

गत सप्ताह परमाणु के जनक महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर पर बनी फिल्म ओपरहाइमर को सात प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से हॉलीवुड में नवाजा गया। सात दशकों बाद 16 दिसंबर 2022 को सरकारी तौर पर बाइडेन प्रशासन ने महान भौतिक वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर को गद्दारी के लांछन से मुक्त किया, निर्दोष पाया तथा देशप्रेमी माना। उन्होंने अमेरिका के लिए परमाणु बम बनाया था। इसे हिरोशिमा और नागासाकी पर फोड़ा गया था। बाद में उन्हें सोवियत (कम्युनिस्ट) रूस का गुप्तचर बताकर हर किस्म के अपमान, अवमानना, अनादर करके अवसादग्रस्त बनाया गया, जब तक (1967) वे मरे नहीं।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा।

ओपनहाइमर के सत्कर्मों ने ही उनकी मान मर्यादा लौटाई। वे अब दूसरे लोकवासी हो गए। ओपनहाइमर अपने उन शब्दों को याद कर रहे होंगे, जो उन्होंने जापान पर बम फोड़ने के वक्त पर कहा था। वे पंक्तियां ओपनहाइमर ने अपने प्रिय संस्कृत कवि भर्तृहरि के शतकत्रयम से लिया था : उज्जैन नरेश भर्तृहरि का विचार था कि "उनके हाथों युद्ध में, जंगल में, पहाड़ों की चट्टान पर, गहरे समुद्र में, भाले और बाणों के बीच में, नींद में, भ्रम में, शर्म की गहराई में, मनुष्य ने जो अच्छे कर्म किए हैं, वे उसकी रक्षा करते हैं।" हीरोशिमा और नागासाकी पर बम विस्फोट पर ओपनहाइमर ने याद किए गीता के श्लोक को : "दिवि सूर्यसहस्त्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता। यदि भाः सदृशी सा स्याध्दासस्तस्य महात्मनः"।।12।। (आकाश में हजार सूर्यों की एक साथ उदय होने से उत्पन्न जो प्रकाश हो, वह भी उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकार के सदृश कदाचित ही हो। अर्थात् इस विषादग्रस्त भौतिकशास्त्री को ख्याल हो गया था कि उनके हाथों कितना भयंकर, त्रासदपूर्ण कृत्य हुआ है। प्रारब्ध तो होना ही था। भोगा भी। ओपनहाइमर प्रारंभ से ही ऐसे अपार नरसंहार वाले शस्त्र के निर्माण का विरोध करते रहें। अंततः हिटलर और टोजों (जापानी प्रधानमंत्री) के विश्व साम्राज्य वाले सपने को नष्ट करने हेतु बम बनाने के लिए तैयार हुए। भगवत गीता के निष्णात ओपनहाइमर ने बम बनाने के बाद और जापान पर उसे फोड़ने के वक्त गीता के ग्यारहवें अध्याय के 32 वें श्लोक को सुनाया था कि : "मैं (भगवान कृष्ण) लोकों का नाश करने वाला बढ़ा हुआ काल हूं।" अर्जुन का उनसे प्रश्न था : "आप कौन हैं"?

शायद ओपनहाइमर पर श्राप था, दो ध्वस्त जापानी शहरों की जनता का। त्रासदी की अनुभूति स्वयं उन्हें भी हो रही थी। अतः वे प्रारब्ध भुगतने हेतु विवश थे। इसीलिए वे जमकर सक्रिय विरोध करते रहे, जब राष्ट्रपति हैरी ट्रूमन ने परमाणु बम बनाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को खौफ था कि विश्वयुद्ध जीतकर सोवियत रूस अधिक विनाशकारी बम बनाएगा। विश्वव्यापी वर्चस्व बना लेगा, मगर विनाश की विभीषिका के आतंक से भयभीत ओपनहाइमर ने सरकार से सहयोग नहीं किया। तभी सिनेटर जोसेफ मैकार्थी का आविर्भाव हुआ। वे इतिहास में कम्युनिस्टों के उग्रतम विरोधी और सोवियत रूस के घोरतम शत्रु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ओपनहाइमर को सोवियत कम्युनिस्टों का यार करार दिया। तभी से इस भयातुर वैज्ञानिक की दुखगाथा शुरू हुई।

विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद, ओपेनहाइमर नवनिर्मित संयुक्त राज्य अमेरिका परमाणु ऊर्जा आयोग की प्रभावशाली जनरल एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बने। उन्होंने परमाणु प्रसार को बाधित करने और सोवियत संघ के साथ परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने के लिए परमाणु ऊर्जा के अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के लिए अपने पद का उपयोग किया। उनके स्पष्ट विचारों के लिए कई नेताओं की आलोचना के बाद, ओपनहाइमर की 1954 में एक फरेबी सुनवाई में शासकीय सुरक्षा गारंटी रद्द कर दी गई। आरोपी बनाया। प्रभावी रूप से उनकी प्रत्यक्ष राजनीतिक शक्ति को क्षीण कर दिया गया। तब भी उन्होंने भौतिकी में व्याख्यान, लेखन और काम करना जारी ही रखा।

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा। ओपनहाइमर सदैव हाइड्रोजन बम के निर्माण के खिलाफ थे। उन्हें वर्षों तक सरकार द्वारा यातना पहुंचाने के बाद, समूचे अमेरिकी राष्ट्र ने उनके साथ सिनेटर मैकार्थी द्वारा किए अत्याचार का विरोध किया गया। जब उनके रूसी जासूस होने का कोई प्रमाण नहीं मिला, तो उन्हें दोषमुक्त किया गया, मगर तब तक ओपनहाइमर का निधन हो चुका था। ओपनहाइमर का दृष्टांत केरल के अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण को पाकिस्तानी जासूस बताकर उत्पीड़ित करने के समान था। उच्चतम न्यायालय ने नारायण को निर्दोष करार दिया, मगर तब तक तीन दशक बीत चुके थे।


## सोशल फोरम

# रमादान या रमजान

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

परंपरा से भारतीय रमजान बोलते आये हैं। रमजान हमारे देश में ईरान से आया। मूल अरबी शब्द का उच्चारण "रमादान" से मिलता जुलता है। दोनों के प्रयोग सही हैं।

कुछ वर्ष पहले एक समाचार पत्र में 'सोशियो लिंग्विस्टिक्स' के एक प्राध्यापक रिजवान अहमद साहब का इस पर एक लेख आया था जिसमें उन्होंने कहा कि अपना नाम वे दो तरह से बोलते हैं, अरब देशों में "रिदवान" और भारत में "रिजवान"। उन्होंने यह भी लिखा है कि चाहे लिखने में हम लोग रमादान लिख लें, बोलने में हम रमजान ही बोलते हैं। शायद ही कोई कहते हों कि "अगले रमादान के पहले मैं आपसे मिलूंगा", वे प्रायः हमेशा कहते हैं, "अगले रमजान के पहले मैं आपसे मिलूंगा।"



सचिदानंद सिंह
मुंबई

क्या रमादान का वहाबीवाद से कोई संबंध है? बिल्कुल नहीं, सिवा इसके कि मुहम्मद इब्न अब्द अल-वहाब अरब में पैदा हुआ था जहां रमादान बोला जाता है। पिछली सदी के सत्तर के दशक में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और अरब देशों की बढ़ी समृद्धि के चलते भारत से लाखों श्रमिक वहां गए और उनके मुंह से रमादान सुनते भारत आए।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है।

नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में एक ऐसी भारतीय शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की गई है, जो भारतीय परंपराओं, मूल्यों, लोकाचारों, संस्कारों का संरक्षण, तथा वर्तमान एवं भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति-2020 छात्रों का सर्वांगीण विकास कर उनको वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने एवं विकसित होने का समान अवसर प्रदान करती है। एनईपी भारत की मिडिल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक ग्रामीण एवं शहरी दोनों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए ऐसी रूपरेखा तैयार की गई है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

एनईपी में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के लिए प्रारंभ से लेकर शिक्षा के अंतिम छोर तक नवीन प्रणाली का विकास किया गया है। जिसमें फाउंडेशनल एवं प्रीपेटरी स्तर पर बच्चों को इस तरह की शिक्षा और संस्कार देने का प्रावधान किया गया है जिससे उनके बचपन की नींव मजबूत हो सके। मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर पर ऐसे विषयों का समावेश तथा चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है जिससे छात्र तनावमुक्त रहें। उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषयों का चुनाव एवं आजीविका हेतु व्यावसायिक विषयों एवं प्रशिक्षण का चुनाव करने की व्यवस्था की गई है, जो छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं आजीविका अर्जन हेतु सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगी। वर्तमान में नई शिक्षा नीति का मसौदा इस तरह से तैयार किया गया है कि पूर्व शिक्षा नीतियों में जो खामियां रह गई थीं उनमें संशोधन करके वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नवीन और आशावादी दृष्टिकोण से संचालित एवं क्रियान्वित किए जाए, जो छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी। एनईपी 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है, जो 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का स्थान ग्रहण करती है। यह नीति सामान्य पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित है। एनईपी शिक्षा के सतत विकास के 2030 एजेंडा के अनुरूप स्कूल एवं कॉलेज स्तर की शिक्षा को अधिक समृद्ध, लचीला, बहुउद्देशीय तथा आवश्यक बनाती है। शिक्षा को 21 वीं सदी की जरूरत के अनुकूल बनाना और छात्रों की अद्वितीय क्षमता को निखार कर सामने लाना एक जीवंत उदाहरण है।

भारत में नई शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक ज्ञान एवं महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति 2020 का समाज पर भी सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए परिवर्तनों से विद्यार्थियों का पुनः समाजीकरण होगा जो उन्हें समाज में समायोजित करने में सहायक होगा। छात्रों में अपनी संस्कृति, सभ्यता, प्रथाओं परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने तथा उनके अनुरूप व्यवहार करने का गुण विकसित होगा और वह सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे जिससे सांस्कृतिक हस्तांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों का समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने में सहायक होगी जिससे उनमें सामाजिक गुणों का विकास होगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनईपी का प्रमुख उद्देश्य सभी वर्गों के छात्रों में दक्षता, वैज्ञानिक स्वभाव, सौंदर्यबोध, नैतिक तर्क, डिजिटल साक्षरता, भारतबोध और चेतना का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की प्रमुख भारतीय भाषाओं को महत्व, पाठ्यक्रम को और अधिक गुणवत्ता युक्त, लचीला और मूल्यांकन परक करने की बात कही गई है। नई शिक्षा नीति भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित होने के साथ ही भारतीय परंपराओं, संस्कृति एवं भाषाओं को प्रोत्साहन, पुनर्स्थापना एवं प्रचार-प्रसार पर बल देती है और यह आने वाले समय में भारत को समर्थ, गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने की प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसमें शिक्षा व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम विद्यार्थी, अध्यापक, पाठ्यक्रम और ढांचागत सुविधाओं को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एनईपी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन की बात पर विशेष बल दिया गया है। इसमें बहु विषयक विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अंतर्विषयक शोध प्रमुख रूप से होंगे जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का भविष्य सुनहरा, सुखमय और आशावादी होने की उम्मीद की जा सकती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। जब देश में आर्थिक समृद्धि अधिक होगी तभी हमारी विधि, कृषि, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में क्रांति लाई जा सकती है।

# बहुजनों के चमत्कारिक नेता कांशीराम

कांशीराम को बहुजन नायक तक के सफर में जो धुरी बनी, वो थी 1964 में तथागत बुद्ध व बाबा साहब अम्बेडकर की छुट्टियों को रद्द किया जाना। वे डी के खापर्डे और दीनाभाना छुट्टियों की बहाली के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

इन्होंने बाबा साहब की लिखी पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' पढ़ने को दी जिसे पढ़कर कांशीराम नाम की चिंगारी सुलगी और बहुजन राजनीति की नींव पड़ी। अगर वो घटना न घटी होती तो कांशीराम डीआरडीएल में अनुसंधान अधिकारी पद पर नियुक्त हुए रहते और पदोन्नति प्राप्त करते हुए सरकारी सेवा से मुक्त होकर, अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को जरूर मजबूत कर लेते, लेकिन भारत में उनके बहुजन राजनीतिक आंदोलन से जो परिवर्तन आया वो नहीं आया होता। वर्तमान में मान्यवर साहब जैसे करिश्माई नेताओं की कमी है। कांशीराम ने फुले, आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महराज के विचारों को आगे कर राजनीति की जमीन हरी की और ऐसे लोग, जो हमेशा वोट बने रहे उनमें जनता के नेतृत्व करने की ललक पैदा की। मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक स्थिति को राजनीति में उपकरण की तरह उपयोग किया जिनमें कुछ खोज कमाल के हैं। उन्होंने सचल आंबेडकर मेला, पूना समझौते की निंदा, दो पैरों और दो पहियों का कमाल सरीखे कार्यक्रम कर स्लोगन से वंचित तबकों तक अपना संदेश पहुंचाने में कामयाब रहे। आज भी कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर राजनीति में बड़ा मुकाम बनाकर सत्ता तक पहुंचा जा सकता है।

## प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ रही राज्य सरकार

# ई-ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट भी संभालेंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है।

ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

### महिलाओं को दी जा रही पिंक ड्रेस एवं सेफ्टी किट

प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

- एमएसएमई द्वारा संचालित और यूपिकॉन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया जा रहा क्रियान्वित
- प्रशिक्षण के साथ ही महिलाओं को पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही

**स्वरोजगार शुरू कराने में भी की जा रही मदद :** प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी जो पैसा है उसको नेशनलाइज बैंक से फाइनेंस कराने का प्रयास किया जाएगा।

## कोविड में माता-पिता को खो चुके बच्चों को हुआ भुगतान

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 904 पात्र बच्चों को गुरुवार को धनराशि का भुगतान किया गया। पात्रों को धनराशि की प्रतीक्षा काफी समय से कर रहे थे। कोविड के बाद मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई थी। कोविड में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह पढ़ाई और भरण-पोषण के लिए दिए जा रहे हैं। शुरूआत में राशि का भुगतान तिमाही किया जा रहा था और अब छमाही होने लगा। 904 पात्र बच्चों को धनराशि देने के लिए शासन से बजट मांगा गया था। शासन से बुधवार को बजट जारी कर दिया गया।

# डंपरों की भिड़ंत में डीजल टैंक फटा, दो जिंदा जले

संवाददाता, बहुआ (फतेहपुर)

- फतेहपुर-बांदा मार्ग पर ललौली क्षेत्र में तड़के हादसा, एक डंपर के चालक व खलासी की मौत

**अमृत विचार :** ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास गुरुवार तड़के दो डंपरों की भिड़ंत में एक डंपर के चालक दिलीप और क्लीनर इबरार की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों डंपरों के डीजल टैंक फट गए। धमाके के साथ फैली लपटों ने पास के एक मकान को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग जान बचाने के लिए भागे।

फतेहपुर-बांदा मार्ग पर खटौली गांव के पास फतेहपुर से बांदा जा रहे डंपर की सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टक्कर हो गई। एक डंपर के चालक और परिचालक बाहर नहीं निकल सके, उनकी जलकर मौत हो गई। टैंक फटने से जलता हुआ डीजल पास के एक मकान में जा गिरा जिससे वहां आग लग गई। फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से जले मकान के मालिक सोमदत्त ने बताया कि दुर्घटना रात करीब तीन बजे हुई, उनका घर जलकर खाक हो गया है। परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि मृतकों में बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट के हथौड़ा निवासी दिलीप कश्यप और बाराबंकी के सांडा थाना के डिशनरी गांव निवासी इबरार अली हैं।

## सामूहिक विवाह योजना में मुरादाबाद दूसरे स्थान पर

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अभी तक गोरखपुर अव्वल है। अब विवाह के लिए महज दो दिन बचे हैं। 17 से होलाष्टक लग लग जाएगा और चुनाव आचार संहिता भी कभी भी लग सकती है, इससे शत लक्ष्य पूरा होने की संभावना कम है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़ों के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा किए जाते हैं। शेष राशि अलग-अलग मदों में खर्च की जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में प्रदेश के 75 जिलों के लिए 1 लाख 14 हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हो गए थे। 14 मार्च 2024 तक 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। इसमें 75 हजार का भुगतान कर दिया गया है। गोरखपुर में 4000, मुरादाबाद में 3701, बिजनौर में 3465 और रामपुर में 3301 जोड़ों का विवाह कराए गए। 16 या 17 मार्च में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग सकती है।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा ही फल उन्हें मिलेगा: मुख्यमंत्री

## 39 एसडीएम, 41 डीएसपी व 16 कोषाधिकारी को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग, बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल उन्हें मिलेगा। कहा कि आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाने की एक-एक गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

## कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी लगेगा एक सप्ताह का समय

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी करीब एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है। इसी सूची में प्रदेश की 17 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश के संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई थी। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय में बैठक भी हुई। बाद में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेताओं को दिल्ली बुलाकर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया, लेकिन अभी तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश की 17 सीटों को लेकर संभावित प्रत्याशियों के नामों पर अभी दिल्ली में मंथन चल रहा है। पार्टी चुनाव में जातीय समीकरण व जनाधार के नजरिए से उपयुक्त बैठने वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतरना चाह रही है। सूत्रों ने बताया कि अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम तय हो गए हैं।

# विधान परिषद चुनाव में निर्विरोध चुने गए सभी 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते

**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं। वहीं भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से विच्छेलाल राजभर एमएलसी बने हैं। साथ ही आरएलडी से योगेश चौधरी और अपना दल (एस) से मंत्री आशीष पटेल विधान परिषद के सदस्य बनाए गए हैं। जबकि तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी से बलराम यादव, किरण पाल कश्यप और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली निर्विरोध एमएलसी बने हैं। एमएलसी चुनाव के लिए 21 मार्च को वोटिंग होनी थी। एक सीट के लिए 29 विधायकों का समर्थन चाहिए था। चुनाव में संख्या बल के आधार पर सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं।

## 1 से संचारी रोग और 10 से चलेगा अभियान दस्तक

**लखनऊ, अमृत विचार :** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए एक से 30 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसी बीच 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करेंगी। इस संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से यह अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई–कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी ।

# शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक स्कूलों में 72,825 शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की फिर काउंसिलिंग का निर्णय सुरक्षित कर लिया है। हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 30 नवंबर 2011 को जूनियर बेसिक स्कूलों में 72 हजार 825 ट्रेनी शिक्षकों की भर्ती के विज्ञापन में से उच्चतम न्यायालय द्वारा बनाई 12,091 श्रेणी के बचे अभ्यर्थियों की फिर से काउंसिलिंग के लिए नया विज्ञापन जारी करने के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद की विशेष अपीलों पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने कई दिनों तक चली बहस पूरी होने के बाद गुरुवार को दिया। राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रामानंद पांडेय और बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से कुष्मांडा शाही ने अपनी बहस में कहा कि शीर्ष न्यायालय ने 25 जुलाई 2017 एवं बाद में इस मामले में अभ्यर्थियों की अवमानना याचिका में 13 दिसंबर 2019 को सरकार द्वारा ट्रेनी शिक्षकों की सम्पन्न भर्ती को सही मानते हुए अवमानना का मामला खत्म कर दिया था। ऐसे में 2011 की भर्ती को लेकर एकल पीठ द्वारा फिर से शेष बचे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग का निर्देश दिया जाना गैरकानूनी है। दूसरी ओर विनय कुमार पांडेय और अन्य अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ताओं ने कहा कि एकल पीठ के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस में कहा कि सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में दाखिल अवमानना वाद में सही तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

## पत्नी, बेटे की हत्या कर खुदकुशी का किया प्रयास

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले में कर्ज के बोझ तले दबे एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से पत्नी और बेटे की हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि अमरदीप शर्मा (42) पर कर्ज का बोझ था, जिसकी वजह से वह अवसाद में चला गया। उन्होंने कहा कि कवि नगर थाना अंतर्गत महिन्द्रा एनक्लेव निवासी अमरदीप ने अपने घर पर ही घटना को अंजाम दिया। बरामद सुसाइड नोट में शर्मा ने अपनी पत्नी सोनू शर्मा (36) और बेटे विनायक (11) की हत्या के लिए ईश्वर से क्षमा मांगी है। डीसीपी (सिटी) ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि अमरदीप ने अस्पताल में अचेत अवस्था में पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार किया है। अमरदीप के सामान्य स्थिति में वापस आने पर ही वास्तविक स्थिति पता चल सकेगी।

# व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जोड़े की सुरक्षा याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं है। धर्म दिल और दिमाग की गहराई से उत्पन्न आस्था का मामला है। अगर कोई व्यक्ति किसी सांसारिक लाभ के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो यह धार्मिक कट्टरता होगी। किसी अन्य धर्म को अपनाकर विवाह करने का यह अर्थ नहीं है कि उसे पिछली शादी और पत्नी को छोड़ने की अनुमति मिल गई।



धर्म शोषण की वस्तु नहीं है, जिसके आधार पर किसी का शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाए। प्रत्येक व्यक्तिगत कानून के तहत विवाह की संस्था एक पवित्र संस्था है। वर्तमान मामले में याचियों द्वारा उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा 8 और 9 का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। इसके अलावा रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं रखा गया जिससे यह सिद्ध हो कि याचियों द्वारा विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह के लिए कोई आवेदन दाखिल किया गया है। याचियों द्वारा विपक्षियों के लिए एक निर्देश जारी करने की प्रार्थना की गई थी, जिसमें उन्हें पति और पत्नी के रूप में याचियों की शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया जाए। दोनो जोड़े अलग-अलग जाति और धर्म से संबंधित है और गौतम बुद्ध नगर के निवासी हैं। उनका तर्क है कि उन्हें अपने जीवन का निर्णय लेने का अधिकार है, लेकिन याचियों के संबंध को गैरकानूनी मानते हुए न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने याचिका खारिज कर दी।


## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला–कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी करना।
4. रथ, यान।
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।



## वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | ■ | 2 चँ | 3 प | ना |
| ■ | ■ | ■ | 4 आ | ■ | पो | ■ |
| ■ | 5 थि | ■ | 6 डं | ठ | ल | ■ |
| 7 ग | र | का | ब | ■ | ना | ■ |
| ■ | क | ■ | री | ■ | ■ | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | ■ | 10 अ | प | दा | न |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

## सुडोकू -88 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–षष्ठी 22.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–वसंत। चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–कृत्तिका 16.08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** — आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन** — आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क** — आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह** — आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा–चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या** — आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न–चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु** — आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन** — आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
साथी — सुबह : 11.00
यह है जलवा — दोपहर : 03.00

SONY MAX
अनाड़ी — सुबह : 10.12
मैं हूं लकी द रेसर — रात : 10.07

SONY PIX
द वॉटर हाउस — सुबह : 10.49
फास्टर — शाम : 05.40

ZEE CINEMA
जान — सुबह : 10.30
हीरोपंती 2 — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
नजर अंदाज — दोपहर : 01.42
पागलपंती — रात : 07.03

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति– यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी– जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर– डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू– सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।

## मैंथा बाजार भाव


**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1860, रविन्द्रा 1875, फॉर्चुन ली0 1710, जय जवान 1495, सचिन 1630, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1730, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1750, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रतिकु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी** – डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना

● सरकार के वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने दी जानकारी



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं। जोशी ने बातचीत में कहा, ''चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।'' फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है। हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है।

### सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले सामने आए हैं: विवेक जोशी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशीने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।

## पेटीएम को यूपीआई प्रणाली में शामिल होने की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान मंच पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बहु-बैंक मॉडल के तहत यूपीआई प्रणाली में तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में भाग लेने की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक पेटीएम के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंकों के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) से जुड़े मौजूदा एवं नए यूपीआई कारोबारियों के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में भी काम करेगा। एनपीसीआई ने कहा कि '@पेटीएम' हैंडल को यस बैंक पर दोबारा प्रेषित किया जाएगा।

## भारत की शासन प्रणाली को बदनाम करने के लिए लाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च

● गौतम अडाणी बोले-इसके बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे



मुंबई, एजेंसी

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी।

शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। उन्होंने कहा-हमारी नींव हिलाने की कोशिशों के बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे और हमने न केवल अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हम अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950-50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,500 |
| चांदी आभूषण | 74,500। |

## सोने के दाम में 250 रुपये और चांदी में 1,700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,169 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और व्यापार एवं उपभोक्ता भरोसे में सुधार के कारण अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। ऐसे में फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। यह सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला प्रमुख जोखिम

● सर्वे के मुताबिक डिजिटलीकरण बढ़ने से साइबर अपराध भी बढ़े



नई दिल्ली, एजेंसी

साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा गया था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। एऑन के भारत में प्रतिभा समाधान खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितिन सेठी ने कहा, "एकीकृत जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने के लिए भारतीय व्यवसायों को उन्नत डेटा एनालिटिक्स और विशेषज्ञों का लाभ उठाने की अनिवार्य आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष पर किया हमला

# राष्ट्र विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा है 'इंडिया'

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इस विचारधारा पर काम कर रहा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।




प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर उपस्थित लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी


लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें 'गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।

### भारत को वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना लक्ष्य: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को बेहतरीन वैश्विक पद्धतियों से जोड़कर और इसके अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करके वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक की वैज्ञानिक उपलब्धियों का विवरण देने वाली एक रिपोर्ट के लिए दिए गए अपने संदेश में कहा02047 तक आने वाला समय एक ऐसा काल है जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के हमारे सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में आग लगने से दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच और तीन साल की दो बच्चियों के तौर पर हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।



## मथुरा में लोगों ने रंग व फूलों से खेली होली

**मथुरा।** मथुरा के रमण रेती आश्रम में गुरुवार को साधु-संतों और लोगों ने रंग-गुलाल व 5 क्विंटल फूलों से जमकर होली खेली। पहले भगवान राधा-कृष्ण के स्वरूप को रंग और गुलाल लगाया गया और फिर राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना की। इसके बाद होली शुरू हुई। थोड़ी देर में ही पूरा आश्रम अबीर और रंगों से सराबोर नजर आया। वहीं बरसाना की लट्ठमार होली इस बार 18 मार्च को बरसाना के श्री लाडली जी मंदिर से शुरू होकर रंगीली गली में खेली जाएगी।

## एक नजर

### टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भाजपा में लौटने की जताई मंशा

**कोलकाता।** टीएमसी के असंतुष्ट नेता अर्जुन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट जाएंगे। वह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधत्व करते हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। दो दिन पहले, सिंह ने टीएमसी उम्मीदवार पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए कहा था कि वह बैरकपुर के मतदाताओं की सामूहिक इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें 2019 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा भेजा था।

### ठाणे में किशोर की पीट पीटकर हत्या

**ठाणे।** नवी मुंबई के तुर्भे में 17 वर्षीय एक छात्र को उसके कॉलेज के छह साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे कॉलेज के बाहर हुई जिसमें जान गंवाने वाले छात्र का एक दोस्त भी घायल हो गया है।

## ईडी का शाहजहां शेख के करीबी व्यापारियों के घरों पर छापा



कोलकाता में व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के साथ "करीबी संबंध" रखने वाले दो व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के स्वामित्व वाले बाजार पर भी छापा मारा। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जब घोटाले के सिलसिले में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखालि में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए ईडी अधिकारियों पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। शेख फिलहाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। ईडी अधिकारी ने कहा-इन दोनों व्यापारियों ने शेख को राशन वितरण के लिए आए पैसे की हेरफेर करने में मदद की थी और उस पैसे का इस्तेमाल मछली व्यापार में किया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भी अपने अधिकारियों पर हमले में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए गए शेख को राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### संदेशखालि का मामला

## उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

● तस्वीरों के इस्तेमाल को लेकर शरद पवार ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।

वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट "उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है" और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से "झूठी प्रशंसा" की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा-एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा-हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के समन को सत्र अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

# लोकसभा के साथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव की संभावना

● मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर का किया था दौरा

● 17 मार्च तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की उम्मीद

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के नाम की सिफारिश और एक देश-एक चुनाव के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त 17 मार्च तक कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। खास बात यह कि लोकसभा के साथ ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने की तैयारी है। इसी बाबत 2 दिन पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम 17 मार्च तक कभी भी घोषित हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से मई के प्रथम सप्ताह तक विभिन्न चरणों में मतदान होंगे और दूसरे सप्ताह तक चुनाव परिणाम आने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. रामनाथ कोविंद द्वारा बुधवार को "एक देश-एक चुनाव" पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपने के बाद यह संभावना भी तेज हो गई है कि लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसी के तहत 13 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था और सरकारी मशीनरी से चुनाव पूर्व समीक्षा की थी। जिसमें पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर की 24 विधानसभा सीटों को छोड़कर शेष 90 सीटों पर चुनाव कराने की बात चल रही है। राज्य के नए परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हैं। जिसमें 43 सीटें जम्मू एवं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में आते हैं। 90 सीटों के लिए 9 सीटें अनुसूचित जाति एवं 7 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इस परिसीमन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने चुनौती को खारिज करते हुए परिसीमन को जायज बताया था। 11 दिसंबर के फैसले में इस माह सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव करने के लिए कहा था।



जम्मू-कश्मीर विधानसभा को 21 नवंबर 2018 में बंद किया गया था और 5 अगस्त 2019 में पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद धारा 370 समाप्त कर दी गई थी 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया था। विधानसभा बंद होने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराने थे लेकिन परिसीमन आयोग का गठन होने के बाद विधानसभा चुनाव करते गए मगर अब परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में इस समय कांग्रेस भाजपा के अलावा क्षेत्रीय दल के रूप में नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एवं गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी सक्रिय है।

2019 के लोस चुनाव में बीजेपी को 46.24, कांग्रेस को 28.39, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 एवं पीडीपी को 3.38 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अलग होने से इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

